टीका—अश्विनी रेवती धनिष्ठा हस्त चित्रा स्वाती विशाखा अनुराधा इन नक्षत्रोंमें और भौम रवि गुरु शुक्र सोम इन वारोंमें मोती सुवर्ण मणि मूंगा हस्तिदंतका चूडा नूतन शंख पूजामें लाना रक्तवस्त्र धारण करना शुभ जानिये ॥

पुंसवनक नक्षत्र ।

श्रवणः सकरः पुनर्वसुर्निर्ऋतेर्भं च सपुष्यको मृगः ।
रविभूसुतजीववासराः कथिताः पुंसवनादिकर्मसु ॥

टीका—श्रवण हस्त पुनर्वसु मूल पुष्य मृगशिर और रवि भौम गुरु ये ३ वार पुंसवनादिक कर्ममें उक्त हैं ॥

कर्णवेधन ।

पौष्णवैष्णवकराश्विनिचित्रापुष्यवासवपुनर्वसुमैत्रे ।
सैन्दवे श्रवणवेधविधानं निर्दिशन्ति मुनयो हि शिशूनाम् ॥

टीका—रेवती श्रवण हस्त अश्विनी चित्रा पुष्य धनिष्ठा पुनर्वसु अनुराधा मृगशिर इनमें बालकका कर्णवेध करावे ॥

अन्नप्राशन ।

रेवतीश्रुतिपुनर्वसुहस्तब्राह्मतः पृथगपि द्वितये च ।
त्र्युत्तरेषु गदितं हि नवान्नप्राशनं तु ऋषिभिः पृथुकानाम् ॥

टीका—रेवती श्रवण पुनर्वसु हस्त रोहिणी मृगशिर आर्द्रा तीनों उत्तरा इनमें ऋषियोंने आद्यमें और नया अन्न भक्षण करना कहा है ॥

क्षौरकर्म ।

पुष्ये पौष्णे चाश्विनीष्वैन्दवे च शाके हस्ताद्येत्रिके भेष्वदित्याः ।
क्षौरं कार्यं वैष्णवाद्यत्रये च मुक्त्वा भौमादित्यपातङ्गिवारान् ॥

टीका—पुष्य रेवती अश्विनी मृगशिर ज्येष्ठा हस्त चित्रा स्वाती पुनर्वसु श्रवण धनिष्ठा शतभिषा इन नक्षत्रोंमें श्मश्रुकर्म कराइये और ये वार वर्जित हैं भौम रवि शनि इनमें न करे ॥

दन्तबन्धन ।

येषु येषु प्रशंसन्ति क्षौरकर्म महर्षयः ।
तेषु तेष्वेव शंसन्ति नखदन्तादिलेखनम् ॥

टीका-दंतबंधन और बेधना दांत और नख काटना, जो नक्षत्र ऊपरके श्लोक क्षौरकर्ममें कहे हैं उन्हींमें करना ॥

आज्ञया नरपतेर्द्विजन्मनां दाहकर्ममृतसूतकेषु च ।
बन्धमोक्षमखदीक्षणेषु च क्षौरमिष्टमखिलेषु तुष्टिदम् ॥

टीका-राजा अथवा ब्राह्मणोंकी आज्ञा और दाहक्रिया करनेमें सूतकके अंतदिनमें यज्ञकी दीक्षामें बंधनसे छूटनेमें अवश्य क्षौर कर्म करानेसे पुष्टिका देनेवाला होता है ॥

ताराशुद्धं क्षौरं रविगुरुशुद्धा व्रतदीक्षा ।
शुक्रविशुद्धा यात्रा सर्वं शुद्धं शशाङ्केन ॥

टीका-क्षौरकर्ममें नक्षत्रकी शुद्धि और व्रतके प्रारंभमें दीक्षाके लेनेमें रवि गुरुकी शुद्धि और यात्रामें शुक्रशुद्धि और चंद्रमाकी शुद्धि सब कामोंमें चाहिये ॥

श्मश्रुकर्ममें वर्जनीय ।

भद्रापक्षान्तरिक्ताव्रतदिनवसुभूश्राद्धषष्ठीषु रात्रौ ।
संध्यापातारभास्वच्छनिषु घटधनुः कर्ककन्यागतेऽर्के ॥
जन्मर्क्षे जन्ममासे सुरदिनयजने भूषितोग्रामयायी ।
भुक्तोभ्यक्तोभिषिक्तः समदिनरजिगः श्मश्रुकार्यं न कुर्यात् ॥

टीका-भद्रा पूर्णिमा अमावास्या चतुर्थी नवमी चतुर्दशी व्रतदिवस अष्टमी प्रतिपदा श्राद्धदिवस षष्ठीमें रात्रिमें संध्याकाल व्यतिपातादिक दुष्टयोग भौमवार रविवार शनिवारमें कुंभ धनु कर्क कन्या इन चार राशियोंके सूर्यमें जन्मनक्षत्र और जन्ममास देवताके पूजन वा हवनादिकर्मदिवस अलंकारादिधारण दिवस और यात्रा जानेकी तय्यारी हो उस दिन भोजनके पीछे तेल लगाने और स्नानके पीछे मंगल अभिषेक तथा स्त्रीके रजस्वला होनेमें और सम दिवस आदिकमें क्षौरकर्म वर्जनीय है ॥

मौंजीबंधन ।

सौम्ये पौष्णे वैष्णवे वासवाख्ये हस्ते स्वातित्वाष्ट्रपुष्याश्विभेषु ।
ऋक्षेऽदित्यां मेखलाबन्धमोक्षौ संस्मर्यैते नूनमाचार्यवर्यैः ॥

टीका–मृगशिर रेवती श्रवण धनिष्ठा हस्त स्वाती चित्रा पुष्प अश्विनी पुनर्वसु इन नक्षत्रोंमें मौंजी बंधन और त्यागना आचार्योंने श्रेष्ठ कहा है ॥

विवाहनक्षत्राणि ।

मूलमैत्रमृगरोहिणीकरैः पौष्णमारुतमघोत्तरान्वितैः ॥
निर्विधाभिरुडभिर्मृगीदृशां पाणिपीडनविधिर्विधीयते ॥

टीका–मूल अनुराधा मृगशिर रोहिणी हस्त रेवती स्वाती मघा तीनों उत्तरा इन सब नक्षत्रोंमें विवाह शुभ जानिये ॥

अग्निहोत्रारम्भ ।

प्राजापत्ये पूषभे साद्विदैवे पुष्ये ज्येष्ठास्वैंदवे कृत्तिकासु ।
अग्न्याधानं चोत्तराणां त्रयेऽपि श्रेष्ठं प्रोक्तं प्राक्तनैर्विप्रमुख्यैः ॥

टीका–रोहिणी रेवती विशाखा पुष्य ज्येष्ठा मृगशिर कृत्तिका और तीनों उत्तरा इनमें प्रथम अग्निहोत्र प्रारंभ करे ॥

विद्यारम्भमूहूर्त ।

मृगादिपञ्चस्वपि भेषु मूल हस्तादिके च त्रितयेऽश्विनीषु ।
पूर्वात्रये च श्रवणे च तद्वद्विद्यासमारम्भमुशन्ति सिद्ध्यै ॥

टीका–मृगशिर आर्द्रा पुनर्वसु पुष्य आश्लेषा मूल हस्त चित्रा स्वाती अश्विनी पूर्वाषाढा पूर्वाफाल्गुनी पूर्वाभाद्रपदा श्रवण इन नक्षत्रोंमें बालकके प्रथम विद्याभ्यास आरंभ करावे ॥

औषधग्रहण ।

पौष्णद्वये चादितिभद्वये च हस्तत्रये च श्रवणत्रये च ।
मैत्रे च मूले च मृगे च शस्तं भषज्यकम प्रवदन्ति सन्तः ॥

टीका–रेवती अश्विनी पुनर्वसु पुष्य हस्त चित्रा स्वाती श्रवण धनिष्ठा शतभिषा अनुराधा मूल मृग इन नक्षत्रोंमें औषध बनाना खाना शुभ है ॥

रोगोत्पत्तिमें शुभाशुभ नक्षत्र।

स्वात्याश्लेषारौद्रपूर्वात्रयेषु शाक्रे भौमे सूर्यजे सूर्यवारे ॥
नंदारिक्तास्वेव रोगस्य चाप्तिर्मृत्युर्ज्ञेयः शङ्करो रक्षितापि ॥

टीका—स्वाती आश्लेषा आर्द्रा तीनों पूर्वा ज्येष्ठा और भौम शनि रवि ये वार, नंदा तिथि कहिये पडवा षष्ठी एकादशी और रिक्ता कहिये चौथ नवमी चतुर्दशी इनमें रोग उत्पन्न होते हैं उनकी शिवभी रक्षा नहीं कर सकते ॥

रोगसे मुक्ति होनेका प्रमाण।

व्याध्युत्पत्तिर्यस्य पौष्णे समैत्रे प्राणत्राणं जायते तस्य कृच्छ्रात् ॥
वश्ये सौम्ये रोगमुक्तिस्तु मासाद्विंशत्या स्याद्वासराणां मघासु ॥

टीका—रोग उत्पन्न होनेके दिवस जो रेवती अथवा अनुराधा होय तो रोगीके प्राण अति कठिनतासे बचें; उत्तराषाढा अथवा मृगशिर होय तो एक मासपर्यंत और मघा होय तो वीस दिवसतक पीडा रहे ॥

पक्षाद्धस्ते वासवे साद्रिदेवे मूलाश्विन्योराग्निधिष्ण्ये नवाहात् ॥
याम्ये त्वाष्ट्रे वैष्णवे वारुणे च नैरृत्यं स्यान्नूनमेकादशाहात् ॥

टीका—हस्त नक्षत्रमें उत्पन्न हुआ रोग १५ दिवस रहता है और धनिष्ठा विशाखा मूल अश्विनी कृत्तिकामें उत्पन्न हुआ रोग ९ दिन और भरणी चित्रा श्रवण शततारकामें उत्पन्न हुआ रोग ११ दिवस भोगना होता है ॥

आहिर्बुध्न्ये तिष्यसंज्ञे सभागे प्रजापत्यादित्ययोः सप्तरात्रात् ॥
रोगान्मुक्तिर्जायते मानवानां निःसंदिग्धं जल्पितं गर्गमुख्यैः ॥

टीका—उत्तराभाद्रपदा, पुष्य, पूर्वाफाल्गुनी, अभिजित, पुनर्वसु इन नक्षत्रोंमें उत्पन्न हुआ रोग सात दिवसतक निश्चय भोगना पडता है यह गर्ग-मुनिका वाक्य है ॥

रोगमुक्तिस्नाननक्षत्र।

इंदोर्वारे भार्गवे च ध्रुवेषु सर्पादित्यस्वातियुक्तेषु भेषु ॥
पित्र्ये चान्त्ये चैव कुर्यात्कदाचिन्नैव स्नातं रोगमुक्तस्य जन्तोः ॥

टीका—सोम शुक्रवार और ध्रुवनक्षत्र रोहिणी तीनों उत्तरा और

आश्लेषा पुनर्वसु स्वाती ये शुभ हैं और मघा रेवती इनमें रोगीका स्नान अयोग्य और दुःखदायक है ॥

रोगमुक्तस्नानलग्न ।

लग्ने चरे सूर्यकुजेज्यवारे रिक्तातिथौ चंद्रबले च हीने ॥
केन्द्रत्रिकोणार्थगते च पापे स्नानं हितं रोगविमुक्तिकानाम् ॥

टीका—मेष कर्क तुला मकर ये चर लग्न, रवि भौम गुरु ये वार और रिक्ता तिथि ४ । ९ । १४ और चन्द्र हीनबल होय, केंद्र तथा त्रिकोणमें पापग्रह होय ऐसी लग्नमें स्नान करावे तो आरोग्य होय ॥

लता औषधी वा वृक्षारोपण ।

सावित्रतिष्याश्विनवारुणानि मूलं विशाखा च मृदुध्रुवाणि ॥
लतौषधीपादपरोपणेषु शुभानि भानि प्रतिपादितानि ॥

टीका—हस्त पुष्य अश्विनी शततारका मूल विशाखा और मृदु ध्रुव इन नक्षत्रोंमें लता औषधी और वृक्षोंका लगाना शुभ है॥

कूपारंभके नक्षत्र ।

हस्तात्तिस्रो वासवं वारुणं च शैवं पित्र्यं त्रीणि चैवोत्तराणि ॥
प्राजापत्यं चापि नक्षत्रमाहुः कूपारम्भे श्रेष्ठमाद्या मुनीन्द्राः ॥

टीका—हस्त चित्रा स्वाती धनिष्ठा शततारका आर्द्रा मघा तीनों उत्तरा और रोहिणी इन नक्षत्रोंमें अगले मुनीश्वरोंने कूपारंभ श्रेष्ठ कहा है ॥

द्रव्य देना वा स्थापित करना ।

साधारणोग्रध्रुवदारुणाख्यैर्धिष्ण्यैर्यदत्र द्रविणं प्रयुक्तम् ॥
हस्तेन विन्यस्तवसु प्रनष्टं न लभ्यते तन्नियतं कदाचित् ॥

टीका—साधारण उग्र ध्रुव और दारुणसंज्ञक नक्षत्रोंमें दूसरेको द्रव्य दे वा स्थापित करे तो वह वस्तु फिर प्राप्त नहीं होय ॥

हस्ती लेना वा देना ।

हस्तेषु चित्रासु तथाश्विनीषु स्वातौ च पुष्ये च पुनर्वसौ च॥

प्रोक्तानि सर्वाण्यपि कुञ्जराणां कर्माणि गर्गप्रमुखैः शुभानि ॥

टीका—हस्त चित्रा अश्विनी स्वाती पुष्य और पुनर्वसु इन नक्षत्रोंमें हाथी लेना और देना और उसके अलंकार शृंगारादिक सकल कर्म करना गर्गादिमुनियोंने शुभ कहे हैं ॥

अश्व लेना वा देना ।

पुष्यश्रविष्ठाश्विनसौम्यभेषु पौष्णानिलादित्यकराह्वयेषु ॥
सवारुणर्क्षेषु बुधैः स्मृतानि सर्वाणि कार्याणि तुरंगमानाम् ॥

टीका—पुष्य, धनिष्ठा, अश्विनी, मृगशिर, रेवती, स्वाती, पुनर्वसु, हस्त, शतभिषा इन नक्षत्रोंमें तुरंग ले और दे तथा उसके अलंकार और शृंगार आदि कर्म करे ॥

गवादि पशुओंके नगरमें लाने और पहुँचानेमें वर्ज्य ।

चित्रोत्तरावैष्णवरोहिणीषु चतुर्दशीदर्शदिवाष्टमीषु ॥
ग्रामप्रवेशं गमनं विदध्याद्धीमान् पशूनां न कदाचिदेव ॥

टीका—चित्रा तीनों उत्तरा श्रवण रोहिणी चतुर्दशी अमावास्या अष्टमी इनमें गवादि पशुओंको ग्राममें न लावे और न बाहिर पहुँचावे ॥

गवादि पशुओंके क्रयविक्रयमें वर्जित ।

शुक्रवासवकरेषु विशाखापुष्यवारुणपुनर्वसुभेषु ॥
अश्विपूषभयुतेषु विधेयो विक्रयक्रयविधिः सुरभीणाम् ॥

टीका—ज्येष्ठा धनिष्ठा हस्त विशाखा पुष्य शतभिषा पुनर्वसु अश्विनी रेवती इन नक्षत्रोंमें गायका बेंचना और मोल लेना दोनों वर्जनीय हैं ॥

तृणकाष्ठादिसंग्रहमें वर्ज्य ।

वासवोत्तरदलादिपञ्चके याम्यदिग्गमनगेहगोपनम् ॥
प्रेतदाहतृणकाष्ठसंग्रहः शय्यकावितरणं च वर्जयेत् ॥

टीका—धनिष्ठाके उत्तरार्द्धसे लेकर पांच नक्षत्रोंको पंचक कहते हैं इनमें दक्षिणदिशाका गमन और घर बनाना, प्रेतदाह, तृणकाष्ठसंग्रह, शय्यादिक निर्माण करना वर्जित है ॥

हल चलानेका नक्षत्र ।

मृदुध्रुवक्षिप्रचरेषु मूलमघाविशाखासहितेषु भेषु ॥
हलप्रवाहं प्रथमं विदध्यान्नीरोगपुष्कान्वितसौरभेयैः ॥

टीका—मृदु ध्रुव क्षिप्र चरसंज्ञक नक्षत्रोंमें तथा मूल और मघा विशाखा इन नक्षत्रोंमें रोगरहित आंडू बैलोंसे प्रथम हल चलावे ॥

बीज बोना ।

रौद्राहियाम्यानिलवारुणेन्द्रान्याहुर्जघन्यानि तथा बृहन्ति ॥
ध्रुवाद्विदेवादितिभानि नूनं समानि शेषाणि पुनर्मुनीन्द्रैः ॥
बृहत्सुधान्यं कुरुते समर्घं जघन्यधिष्ण्येऽभ्युदितो महर्घः ॥
समेषु धिष्ण्येषु समं हिमांशुर्वदन्ति संदिग्धमिदं महान्तः ॥

टीका—आर्द्रा आश्लेषा भरणी स्वाती शतभिषा ज्येष्ठा इन नक्षत्रोंको जघन्य कहते हैं इनमें मासकी आदिमें चंद्रमा उदय होय तो धान्य महंगा होय ध्रुव कहिये तीनों उत्तरा रोहिणी विशाखा पुनर्वसु इनको बृहत् कहते हैं इनमें चंद्रमा उदय होय तो अन्न सस्ता होय और शेष नक्षत्र सम जानिये उनमें चंद्रोदय होनेसे अन्नका भाव साधारण रहता है ॥

राशिपरत्वमें चन्द्रोदयका फल ।

मीनमेषोदितश्चन्द्रः सततं दाक्षिणोन्नतः ॥ शेषोन्नतश्चोत्तरायां समता वृषकुम्भयोः ॥ विड्वरं तु समे चन्द्रे दुर्भिक्षं दाक्षिणोन्नते ॥ सुभिक्षं क्षेममारोग्यमुत्तराश्रितचन्द्रमाः ॥

टीका—मीन अथवा मेष राशिमें जो शुक्ल द्वितीयाका चंद्रमा उदय होय तो उससे दक्षिणको उन्नत जानिये और दुर्भिक्षका संभव होता है और मिथुनसे लेकर मकरपर्यंत जो चंद्रोदय होय तो उत्तरको उन्नत जानिये यह चंद्रमा सुभिक्ष क्षेम और आरोग्यताका कर्ता, वृष और कुंभमें चंद्रमाका उदय होय तो सम रहता है इसमें राजाओंके कलह और विड्वरता होती है ।

पुष्यनक्षत्रके गुणदोष ।

परकृतमखिलं निहन्ति पुष्यो न खलु निहन्ति परं तु पुष्यदोषम् ।
ध्रुवममृतकरोऽष्टमोऽपि पुष्ये निखिलमुपैति सदैव कर्म सिद्धिम् ।

टीका—पुष्य दूसरेके दोष और अष्टमस्थानस्थित चंद्रके दोषको दूर करता है परंतु उसी नक्षत्रका दोष होय तो वह दूर नहीं होता और इस नक्षत्रमें किया हुआ कार्य सिद्ध होता है ॥

हस्ताश्विपुष्योत्तररोहिणीषु चित्रानुराधामृगरेवतीषु ॥
स्वातौ धनिष्ठासु मघासु मूले बीजोप्तिरुत्कृष्टफलप्रतिष्ठा ॥

टीका—हस्त अश्विनी पुष्य तीनों उत्तरा रोहिणी चित्रा अनुराधा मृग रेवती स्वाती धनिष्ठा मघा मूल इन नक्षत्रोंमें बीज बोनेसे खेत अधिक फलते हैं ॥

सर्पदंशविचार ।

यः कृत्तिकामूलमघाविशाखासार्पान्तकार्द्रासु भुजंगदष्टः ॥
स वैनतेयेन सुरक्षितोऽपि प्राप्नोति मृत्योर्वदनं मनुष्यः ॥

टीका—कृत्तिका मूल मघा विशाखा आश्लेषा रेवती आर्द्रा इन नक्षत्रोंमें जो सर्प काटे तो गरुडभी रक्षक होनेपर मनुष्य मृत्युको प्राप्त होय ॥

गानारंभविचार ।

हस्तस्तिष्यो वासवं चानुराधा ज्येष्ठा पौष्णं वारुणं चोत्तरा च ॥
पूर्वाचार्यैः कीर्तितश्चन्द्रवर्ती नृत्यारम्भे शोभनो ऋक्षवर्गः ॥

टीका—हस्त पुष्य धनिष्ठा अनुराधा ज्येष्ठा रेवती शततारका तीनों उत्तरा और शुभचन्द्रमा पाकर गाने और नृत्यका प्रारंभ करना पूर्वाचार्योंने शुभ कहाहै।

राज्याभिषेकनक्षत्र ।

मैत्रशाक्रकरपुष्यरोहिणीवैष्णवेषु तिसृषूत्तरासु च ॥
रेवतीमृगशिराश्विनीषु च क्ष्माभृतां समभिषेक इष्यते ।

टीका--अनुराधा ज्येष्ठा हस्त पुष्य रोहिणी श्रवण तीनों उत्तरा रेवती मृगशिर अश्विनी इन नक्षत्रोंमें राज्याभिषेक करना उचित है ॥

राजदर्शन ।

सौम्याश्वितिष्यश्रवणधनिष्ठाहस्तध्रुवत्वाष्ट्रभपूषभानि ॥
मित्रेण युक्तानि नरेश्वराणां विलोकने भानि शुभप्रदानि ॥

टीका--मृगशिर, अश्विनी, पुष्य श्रवण, धनिष्ठा, हस्त, ध्रुव, चित्रा, रेवती, अनुराधा इन नक्षत्रोंमें राजाका प्रथम दर्शन शुभदायक है ॥

पुष्यका फल ।

सिंहो यथा सर्वचतुष्पदानां तथैव पुष्यो बलवानुडूनाम् ॥
चन्द्रे विरुद्धेऽप्यथ गोचरेऽपि सिद्ध्यन्ति कार्याणि कृतानि पुष्ये ॥

टीका–जैसे सब चतुष्पद जीवोंमें सिंह बलवान् है वैसेही नक्षत्रोंमें पुष्य है, पुष्यमें किया कार्य गोचर दोष और कनिष्ठ अर्थात् चौथा आठवां बारहवां चंद्र होनेपरभी सिद्ध होता है ॥

ग्रहेण विद्धोप्यशुभान्वितोपि विरुद्धतारोपि विलोमगोपि ॥
करोत्यवश्यं सकलार्थसिद्धिं विहाय पाणिग्रहणं तु पुष्यः ॥

टीका–ग्रह करिके विद्ध वा अशुभ ग्रह करिके युक्त हो अथवा तारा इससे प्रतिकूल होय तथापि पुष्यमें किया हुआ कार्य सिद्ध होता है परंतु विवाहमें पुष्य नक्षत्र वर्जित है ॥

योगप्रकरण ।

प्रतिदिनके योग जाननेकी रीति ।

वाक्पतेरर्कनक्षत्रं श्रवणाच्चान्द्रमेव च ॥
गणयेत्तद्युतिं कुर्याद्योगः स्याद्दक्षशेषतः ॥

टीका–पुष्यसे सूर्यनक्षत्रतक चलते नक्षत्रोंको गिने और श्रवणसे दिवस-नक्षत्रतक गिने दोनों संख्याओंको इकट्ठा करे और सत्ताईसका भाग देवे जो शेष रहे वही योग जानिये ॥

योगोंके नाम ।

विष्कम्भः प्रीतिरायुष्मान् सौभाग्यः शोभनस्तथा ॥ अति-गण्डः सुकर्मा च धृतिः शूलस्तथैव च ॥ गण्डो वृद्धिर्ध्रुवश्चैव व्याघातो हर्षणस्तथा ॥ वज्रसिद्धी व्यतीपातो वर्याणः परिघः शिवः ॥ सिद्धः साध्यः शुभः शुक्लो ब्रह्मेन्द्रो वैधृतिः क्रमात् ॥ सप्तविंशतियोगास्तु कुर्युर्नामसमं फलम् ॥

टीका–विष्कंभ १ प्रीति २ आयुष्मान् ३ सौभाग्य ४ शोभन ५ अति-गंड ६ सुकर्मा ७ धृति ८ शूल ९ गंड १० वृद्धि ११ ध्रुव १२ व्याघात १३ हर्षण १४ वज्र १५ सिद्ध १६ व्यतीपात १७ वर्याण १८ परिघ १९ शिव २० सिद्ध २१ साध्य २२ शुभ २३ शुक्ल २४ ब्रह्मा २५ ऐंद्र २६ वैधृति २७ ये सत्ताईस योग निज नामके तुल्य फल करते हैं अर्थात् जो इनके नामोंका अर्थ है वेही फल जानो ॥

योगोंमें वर्जनीय घटिका।

विरुद्धसंज्ञा इह ये च योगास्तेषामनिष्टः खलु पाद आद्यः ॥
स वैधृतिस्तु व्यातिपातनामा सर्वोऽप्यनिष्टः परिघस्य चार्द्धम् ॥
तिस्रस्तु योगे प्रथमे च वज्रे व्याघातसंज्ञे नव पञ्च शूले ॥
गण्डेऽतिगण्डे च षडेव नाड्यः शुभेषु कार्येषु विवर्जनीयाः ॥

टीका–और इनमें अशुभ योगोंका आदिका चतुर्थांश वर्जनीय है व्यती-पात वैधृति ये सम्पूर्ण और विष्कंभकी ३ वज्रकी ४ व्याघातकी ५ गंडकी ६ अतिगंडकी ६ शूलकी १५ घडी सकल शुभ कार्यमें वर्जनीय हैं ॥

करण जाननेकी रीति।

गततिथ्यो द्विनिघ्नाश्च शुक्लप्रतिपदादितः ॥
एकोनाः सप्तहृच्छेषः करणं स्याद्ववादिकम् ॥

टीका–शुक्ल प्रतिपदासे जिस तिथिका करण जानना हो उसकी पूर्वगत तिथिको द्विगुणी करे तिसमें एक मिलाकर सातका भाग दे जो शेष बचे वही उस तिथिका करण जानिये और प्रत्येक तिथिको दो करण भोगते हैं ॥

नाम।

बवाह्वयं बालवकौलवाख्ये ततो भवेत्तैतिलनामधेयम् ॥
गराभिधानं वणिजं च विष्टिरित्याहुरार्याः करणानि सप्त ॥
अन्ते कृष्णचतुर्दश्यां शकुनिर्दर्शभागयोः ॥
ज्ञेयं चतुष्पदं नागं किंस्तुघ्नं प्रतिपद्दले ॥

स्वामी ।

इन्द्रोब्रह्मामित्रनामार्यमाभूः श्रीः कीनाशश्चेति तिथ्यर्धनाथाः ॥ कक्ष्युक्षाख्यो सर्पवायुस्तथैव ये चत्वारस्ते स्थिराणां चतुर्णाम् ॥

कृत्य ।

पौष्टिकस्थिरशुभानि बवाख्ये बालवे द्विजहितान्यपि कुर्यात् ॥ कौलवे प्रमदमित्रविधानं तैतिले शुभगताश्रयकर्म॥ गरे च बीजाश्रयकर्षणानि वाणिज्यके स्थैर्यवणिक्क्रियाश्च ॥ न सिद्धिमायाति कृतं च विष्ट्यां विषारिघातादिषु तन्त्रसिद्धिः ॥ मन्त्रौषधानि शकुनौ तु सपौष्टिकानि गोविप्रराज्यपितृकर्म चतुष्पदोति ॥ सौभाग्यदारुणधृतिध्रुवकर्मनागे किंस्तुघ्ननाम्नि निखिलं शुभकर्म कार्यम् ॥

शुक्लतिथि ६०				कृष्णतिथि६०				नाम	स्वामी	कृत्य
पूर्वदल		उत्तरद		पूर्वदल		उत्तरद				
१	स्थिर			०	०	०·	०	किंस्तु.	वायु	समस्त शुभ कार्य करे
५	८	१	१५	४	११	७	०	बव	इन्द्र	व्रतउत्साह देवालय आदि शुभकर्म करे
२	९	५	१२	१	८	४	११	बालव	ब्रह्मा	ब्राह्मणोंसे हित करे
६	१३	२	९	५	१२	१	८	कौलव	मित्र	उन्माद और मित्रता करे
३	१०	६	१३	२	९	५	१२	तैतिल	सूर्य	विवाहादिक मंगल कार्य करे
७	१४	३	१०	६	१३	२	९	गरज	भूमि	बीजबोना हल चलाना [करावे
४	११	७	१४	३	१०	६	१३	वणिज	लक्ष्मी	देवप्रतिष्ठा घर दुकान और व्यापार
८	१५	४	११	७	१४	३	१०	विष्टि	यम	सकल कर्म वर्जित परंतु विष और घात ये क्रूरकर्म वर्जित नहीं
स्थिर		०	०	०	०	०	१४	शकुनि	कलि	मित्रोपदेश औषधि ग्रहपूजा करावे
स्थिर		०	६	३०	०	०	०	चतुष्प	वृषभ	गौ ब्राह्मण राज्य पितृ इन संबंधी कृत्य करावे
स्थिर		०	०	०	०	०	३०	नाग	सर्प	सौभाग्यकर्म युद्धमें जाना धीरज और विद्याभ्यास करना ये कर्म करावे

कल्याणीतिथिमानम् ।

कृष्णेऽग्निदिशयोरूर्ध्वं सप्तमीभूतयोरधः ॥ शुक्ले वेदेशयोरूर्ध्वं भद्रा प्राग्वसुपूर्णयोः ॥ मनुवसुमुनितिथियुगदशशिवगुण

संख्यासु तिथिषु पूर्वान्त्याः ॥ आयाति विष्टिरेषा पृष्ठेषु भद्रा च पुरस्त्वशुभा ॥ शास्त्रार्थः ॥ दिवासर्पमुखी भद्रा रात्रौ भद्रा च वृश्चिकी ॥ सर्पस्य च मुखं त्याज्यं रात्रौ पुच्छं परित्यजेत् ॥ रात्रिभद्रा यदाह्नि स्यादिवाभद्रायदानिशि ॥ न तत्र भद्रादोषः स्यात्सर्वकार्याणि साधयेत् ॥ शरीरभागः ॥ नाड्यस्तु पञ्चवदनेथ गले तथैकावक्षोदशैकसहितं नियतं चतस्रः ॥ नाभ्यां कटौषडथ पुच्छ लताच तिस्रोविष्टेबुधैरभिहितोङ्गविभाग एषः । स्थानफलम् । मुखे कार्यध्वास्तिर्भवति मरणं चाथ गलके धनाहानिर्वक्षस्यथ कटितटे बुद्धिविलयः ॥ कलिर्नाभौदेशे विजयमथ पुच्छे च जगदुः शरीरेभद्रायाः पृथगितिफलं पूर्वमुनयः ॥ चन्द्रः ॥ मीने मेषालिकर्के शशिनि निवसति स्वर्गसंस्थापिविष्टिः कन्यायां तौलिसंस्थेधनमिथुनगते नागलोके निवासः ॥ कुंभेसिंहेवृषेवा मकरमुपगतेराजतेमृत्युलोके भद्राचन्द्रप्रभावा हिमकरतनया नोशुभा लौकिके स्यात् ॥ स्थानफलम् ॥ स्वर्गेभद्राभवेत् सौख्यं पाताले च धनागमः ॥ मृत्युलोके यदा भद्रा कार्यसिद्धिस्तदानहि ॥ वारानुसारनाम ॥ सोमे शुक्रे च कल्याणी शनौ चैव तु वृश्चिकी ॥ गुरौ पुण्यवती ज्ञेया चान्यवारेषु भद्रिका ॥

तिथि		शास्त्रार्थ	सं	स्थान	फल	चन्द्र	स्थान	फल	वार	नाम
	३	इन तिथियोंकां ३० घडी	३	पुच्छ	विजय	मीन			सो	
कृष्ण		उत्तरार्द्धकीभद्रातिसकाना-				मेष	स्वर्ग	सौख्य	शु०	कल्याणी
	१०	मवृश्चिकीदिवसमें होती है.	६	कटि	बुद्धि	वृश्चि				
	४	उत्तरकी ३० घटिकापुच्छ			नाश	कर्क			श.	वृश्चिकी
शुक्ल		वर्जनीय मुख शुभहोय,	४	नाभि	कलह	कन्य				
	११	उत्तरार्द्ध कहिये रात्रि ३०	११	कपाल	धन	तुला	पाताल	धनप्रा-		
	७	घ० पूर्वार्द्धकी भद्राका ना-			नाश	धन		प्ति	गुरु	पुण्यवती
कृष्ण		मंसर्पिणी रात्रिमेंआतिहैउ-	१	गल	मरण	मिथु				
	१४	सकी ९ घडी मुखवर्जनीय				कुंभ			रवि	
	८	है विध्वंस करता पीछे पु-	५	मुख	विध्वस	सिंह	मृत्युलोक	अशुभ	बुध	भद्रिका
शुक्ल		च्छ शुभहोय पूर्वार्द्ध कहि-				वृषभ			भौ.	
	१५	ये दिवसमें भद्राहोय.	३०			मकर				

दैत्येन्द्रैः समरेऽमरेषु विजयेष्वीशः क्रुधाहष्टवान् स्वंकायात्किल निर्गताखरमुखीलांगूलिनीचक्रपात् ॥ विष्टिः सप्तभुजा मृगेन्द्रगल-

काक्षामोदरीप्रेतगादैत्यघ्नी मुदितैः सुरैस्तु करणप्रान्तेनियुक्तातुसा ॥

टीका–दैत्य और देवताओंमें बडा घोर युद्ध हुआ तब देवताओंका पराजय हुआ तिस समय शिवजीके क्रोध करनेसे उनकी देहसे एक स्त्री गर्दभमुखी पुच्छवती पहियेके समान जिसके चरण विष्टि नाम सप्त भुजा मृगकीसी ग्रीवा कृश उदर प्रेतपर चढी दैत्योंके वध करनेवाली निकली और देवताओंने प्रसन्न होके अपने करणोंमें लगाया ॥

संक्रान्ति।

वारानुसारनाम॥ घोरा रवौ ध्वाङ्क्ष्यमृतद्युतौ च संक्रांतिवारे च महोदरीस्यात् ॥ मंदाकिनीज्ञेचगुरौचनन्दामिश्राभृगौराक्षसि चार्कपुत्रे ॥ नक्षत्रोंके अनुसारनाम ॥ उग्रक्षिप्रचरमैत्रध्रुव-मिश्राख्यदारुणैः ॥ ऋक्षैः संक्रांतिरर्कस्यघोराद्याः क्रमशोभ-वेत् ॥ फलम् ॥ ध्वांक्षींवैश्यान्सुखयाति महोदर्यलंचौरसार्था-न्घोराशूद्रानथनरपतीनेवमन्दाकिनीच ॥ नंदाख्याचद्विजव-रगणान्मिश्रकाख्यापशूंश्च चाण्डालां तां प्रकृतिमखिलां राक्ष-सीसंज्ञिताच ॥ कालफलम् ॥ पूर्वाह्णकालेनृपतिद्विजेन्द्रान्म-ध्यंदिनेचाथविशोपराह्णे ॥ शूद्रान्रवावस्तमितेप्रदोषेपिशाच-कान्रात्रिचरान्निशीथे ॥ नटादिकांश्चापररात्रिकालेप्रत्यूषका-लेपशुपालकांश्च ॥ संक्रांतिरर्कस्यसमस्तलिंगा प्रभातसंध्या-समयेनिहन्ति ॥ दिशाको मुख ॥ अर्के शुक्रे मुखं पूर्वे सौम्ये भौमे च दक्षिणे ॥ शनौचन्द्रेमुखंपश्चाद्गुरौचैवोत्तरामुखी ॥

वार और नक्षत्रोंके अनुसार जाननेका कोष्टक।

वार	नक्षत्र	नाम	फल	काल	फल	दिशा मुख
रवि	उग्र	घोरा	शूद्रोंकोसुख	पूर्वाह्ण	विप्रराजाओं.	पूर्वको
सोम	क्षिप्र	ध्वांक्षी	वैश्योंकोसु०	मध्याह्न	वैश्योंको	पश्चिमको
भौम	चर	महोदरी	चोरोंकोसु०	अपराह्ण	शूद्रोंको	दक्षिणको
बुध	मैत्र	मंदाकि.	राजाओंकोसु.	प्रदोष	पिशाचोंको	दक्षिणको
गुरु	ध्रुव	नंदा	द्विजगणको०	अर्द्धरात्रि	राक्षसोंको	उत्तरको
शुक्र	मिश्र	मिश्रा	पशुओंकोसुख	अपररात्रि	नटादिकको	पूर्वको
शनि	दारुण	राक्षसी	चांडालोंको०	प्रत्यूषकाल	पशुपालकोंको	पश्चिमको

करणानुसार संक्रांति।

स्थितिः ॥ चतुष्पदेतैतिलनागयोश्च सुप्तोरविःसंक्रमणंकरोति ॥ विंद्याद्भवाख्येचगराह्वये च सबालवाख्योस्थितएवविप्रौ ॥ फलम् ॥ किंस्तुघ्ननाम्निशकुनेवणिकौलवाख्ये चोर्ध्वस्थितस्यखलुसंक्रमणंरवेःस्यात् ॥ धान्यार्घवेविष्टिषुभवेत्क्रमशस्त्वनिष्टो मध्येष्टतेतिमुनयःप्रवदन्तिपूर्वे ॥ वाहनम् ॥ सिंहो व्याघ्रोवराहश्चगर्दभः कुञ्जरस्तथा ॥ महिषीघोटकःश्वा च छागो वृषभकुक्कटौ ॥ उपवाहनम् ॥ गजोवाजिर्वृषोमेषःखरोष्ट्रोकेसरी क्रमात् ॥ शार्दूलमहिषीव्याघ्रवानराश्चबवादितः ॥ फलम् ॥ गजेलक्ष्मीर्वृषेस्थैर्यंघोटके वाहनेतथा ॥ सिंहेव्याघ्रेभयंप्रोक्तंसुभिक्षंगर्दभेशुनौ ॥ वाराहे महतीपीडाजायतेमेषवाहने ॥ महिष्यां चभवेत्क्लेशः कुक्कुटेमृत्युरेवच ॥ वस्त्रम् ॥ श्वेतपीतहरितंच पांडुरंरक्तश्याममसितंबहुवर्णम् ॥ कंबलोविवसनंघनवर्णान्यंशुकानिच बवादितः क्रमात् ॥ आयुधम्॥ भुशुण्डीचगदाखङ्गदण्डकोदण्डतामेरान् ॥ कुन्तपाशांकुशास्त्रं च बाणश्चैवायुधंबवात् ॥ भोजनपात्रम् ॥ सौवर्णराजतंताम्रं कांस्यंलौहंचखर्परम् ॥ पत्रंवस्त्रंकरोभूमिः काष्ठपात्रं बवादितः ॥ भक्ष्यपदार्थः॥ अन्नंचपायसंभक्ष्यं पक्वान्नंचपयोदधि ॥ चित्रान्नंगुडमध्वाज्यं शर्करातुबवादितः ॥ गन्धम् ॥ कस्तूरीकुंकुमं चैव चन्दनं मृत्तिकातथा ॥ गोरोचनमलक्तंच हरिद्राचतथाञ्जनम् ॥ सिन्दूरमगुरुश्चैव कर्पूरश्चबवादितः ॥ जातिः ॥ देवभूताहिविहगपशवोमृगएवच ॥ ब्रह्मक्षत्रियविट्छूद्रमिश्रजातिर्बवादितः ॥ पुष्पम् ॥ पुन्नागजातीबकुलाश्चकेतकी बिल्वस्तथार्कः कमलंचदूर्वाः ॥ मल्लीतथापाटलिका जपाचबवादिपुष्पाणिचयोजयेत्तु ॥ भूषणम् ॥ नूपुरंकङ्कणंमुक्ता विद्रुमंमुकुटं

मणिम् ॥ गुञ्जावराटकंनीलंगरुत्मंरुक्मकंबवात् ॥ कंचुकी ॥
विचित्रपर्णाशुकभूर्जपत्रिका सीतातथापाटलनीलवर्णा ॥
कृष्णाजिनंचर्मचवल्कपाण्डुरा बवादितश्चैवतुकंचुकीस्यात् ॥
वयः॥शिशुःकुमारीचगतालकाशुवाप्रौढाप्रगल्भाथततश्चवृद्धा।
वन्ध्यातिवन्ध्याचसुतार्थिनीच प्रव्राजिकाचैवफलंशुभं बवात्॥

करण	बव	बालव	कौलव	तैतिल	गर	वाणज	विष्टि	शकुनि	चतुष्प.	नाग	किंस्तु
स्थिति	बैठी	बैठी	खडी	निद्रित	बैठी	खडी	बैठी	निद्रित	खडी	निद्रित	खडी
फल	मध्यम	मध्यम	महर्घ	समर्घ	मध्य	महर्घ	महर्घ	महर्घ	समर्घ	समर्घ	महर्घ
वाहन	सिंह	व्याघ्र	वराह	गर्दभ	हस्ती	महिषी	घोटक	कुत्ता	मेंढा	बैल	कुक्कुट
उपवा	गज	अश्व	बैल	मेंढा	गर्दभ	ऊंट	सिंह	शार्दू	महिष	व्याघ्र	वानर
फल	भय	भय	पीडा	सुभिक्ष	लक्ष्मी	क्लेश	स्थैर्य	सुभिक्ष	क्लेश	स्थैर्य	मृत्यु
वस्त्र	श्वेत	पीत	हरित	पांडुर	रक्त	श्याम	काला	चित्र	कंबल	नग्न	घनवर्ण
आयुध	भुशुंडी	गदा	खड्ग	दंड	धनुष	तोमर	कुंत	पाश	अंकुश	तलवार	बाण
पात्र	सुवर्ण	रूपा	ताम्र	कांस्य	लोह	तीकर	पत्र	वस्त्र	कर	भूमि	काष्ठ
भक्ष्य	अन्न	पायस	भक्ष्य	पक्वान्न	पय	दधि	चित्रा.	गुड	मधु	घृत	शर्करा
लेपन	कस्तूरी	कुंकुम	चंदन	माटी	गोरोच	अलक्त	हलद	सुरमा	सिंदूर	अगर	कर्पूर
वर्ण	देव	भूत	सर्प	पशु	मृग	विप्र	क्षत्री	वैश्य	शूद्र	मिश्र	अंत्यज
पुष्प	पुन्नाग	जाती	बकुल	केतकी	बेल	अर्क	कमल	दूर्वा	मल्ली	पाटल	जपा
भूषण	नूपुर	कंकण	मोती	मूंगा	मुकुट	मणि	गुंजा	कौडी	नीलक	पुन्ना	सुवर्ण
कंचु	विचित्र	पर्ण	हरित	भूर्जपत्र	सीत	पांढरी	नील	कृष्ण	अंजन	वल्कल	पांडुर
वय	बाल	कुमारी	गताल.	युवा	प्रौढा	प्रगल्भा	वृद्धा	वंध्या	अतिवं	पुत्रव०	संन्या.

फलश्रुति ।

वाहनादिबुधैर्ज्ञेयमथोत्क्रान्तिविशेषतः ॥
वाहनादिकवस्तूनां संक्रमात्तु विनाशता ॥

टीका—संक्रांति जिस वाहनपर स्थित होय और जो वस्तु धारण करे उन सबका नाश होय ॥

मुहूर्त्त ।

संक्राति कितने मुहूर्त्त होती है उसके नक्षत्र और फल ।

संक्रान्तौ मुहूर्तभेदा हरपवनयमे वारुणे सार्परौद्रे एषा पञ्चेन्दुसं-

ज्ञा गुरुकरपितृभे चाग्निदस्रे च सौम्ये ॥ त्वाष्ट्रे मैत्रे च मूले श्रुति-
वसुवपुषा त्रीणि पूर्वा खरामे ब्राह्मोदित्ये द्विदैवे भवति शरकृताद्दु-
त्तरा त्रीणि ऋक्षम्॥बाणवेदैः समर्घं स्यान्मध्यस्थं व्योमरामयोः॥
मूर्तौ पञ्चदशे याते दुर्भिक्षं च प्रजायते ॥

टीका–आर्द्रा स्वाती भरणी शतभिषा आश्लेषा ज्येष्ठा इनमें जो संक्रांति अर्के वह १५ मुहूर्त्त होती है और दुर्भिक्ष करनेवाली है और पुष्य हस्त मघा कृत्तिका आश्विनी मृगशिर चित्रा अनुराधा मूल श्रवण धनिष्ठा रवेती तीनों पूर्वा इन नक्षत्रोंकी संक्रांति ३० मुहूर्त्त होती है यह साधारण फलदायक हैं और रोहिणी पुनर्वसु विशाखा तीनों उत्तरा इनमें संक्रांति अर्के तो ४५ मुहूर्त्त होती है यह स्वस्थताका कारण है ॥

दूसरा प्रकार ।

पूर्वसंक्रांतिनक्षत्रात्परसंक्रांतिऋक्षकम् ॥
द्वित्रिसंख्यासमर्घं स्याच्चतुःपञ्चमहर्घता॥

टीका–गतमासदिन संक्रांतिनक्षत्र और प्राप्त संक्रांति दिननक्षत्र इनका अंतर २ अथवा तीन होय तो सस्ता और ४ वा ५ का नक्षत्रोंमें अंतर आवे तो महर्घ अर्थात् महंगा जानिये ॥

धान्यविचार ।

संक्रांतिनाड्या तिथिवारऋक्षधान्याक्षरं वह्निहरेत्तु भागम् ॥
संक्रांतिनाडी नवमिश्रिता च सप्ताहता पावकभाजिता च ॥
एके समर्घं द्वितये च सौम्यं शून्ये समर्घं मुनयो वदन्ति ॥

टीका–संक्रांतिकी घडी और गततिथि वार नक्षत्र और धान्यके नामाक्षर एकत्र करके तीनका भाग दे वह एक मत और दूसरे मतके आज्ञानुसार संक्रांतिकी घडियोंमें ९ मिलाके ७ से गुणाकर ३ का भाग दे शेषका फल विचारे १ शेष रहे तो धान्यकी स्वस्थता और २ बचे तो साधारणता और निःशेष हो तो महर्घता जानिये ।

नक्षत्रअनुसारसंक्रांतिपीडा ।

सक्रांत्यधरनक्षत्राद्गणयेज्जन्मभावधि॥ त्रिकं षट्कं त्रिकं षट्कं त्रिकं षट्कं पुनः पुनः ॥ पन्थाभोगव्यथावस्त्रं हानिश्च विपुलं धनम् ॥

टीका–संक्रांतिके अधर नक्षत्रसे अपने नक्षत्रतक गिने और इस रीतिमें उसका विचार करे प्रथम ३ पंथा चलावे फिर ६ भोग फिर ३ दुःख ६ वस्त्र फिर ३ हानि और ६ धनप्राप्ति कहते हैं ॥

जन्मनक्षत्रोंका फल ।

यस्य जन्मर्क्षमासाद्यतिथौ संक्रमणं भवेत् ॥
तन्मासाभ्यन्तरे तस्य वैरं क्लेशं धनक्षयः ॥

टीका–जिसके जन्मनक्षत्रविषे संक्रांति अर्के उसका किसीसे वैर होय और जिसके जन्ममासमें संक्रांतिका संभव हो उसे क्लेश और जिसके जन्मतिथिमें संक्रांति पडे उसका धनक्षय होता है ॥

संक्रान्तिका स्वरूप ।

षष्टियोजनविस्तीर्णा संक्राांतिः पुरुषाकृतिः ॥ एकवक्त्रा नव-भुजा लम्बोष्ठी दीर्घनासिका ॥ पृष्ठे लोका भ्रमन्त्येव गृहीत्वा खर्परं करे ॥ एवं संक्रमणे यस्याः फलं प्रोक्तं मनीषिभिः ॥

टीका–शरीर साठि योजन लम्बा और चौडा पुरुषाकृति एक मुँह ९ भुजा ओठ और नासिका लंबे और खर्पर हाथमें लिये पीछेसे लोक भ्रमण करते है

चंद्रसे संक्रांतिका बर्ण और फल ।

मेषालिकर्के च तथैव रक्तं चापे च मीने च तुले च पीतम् ॥
श्वेतं वृषे स्त्री मिथुने च चन्द्रे कृष्णं च नक्रेऽथ घटे च सिंहे ॥
रक्ते फलं भवेद्दुःखं श्वेतं चैव सुखं शुभम् ॥ पीते श्रीस्तु तथा प्रोक्ता श्यामे मृत्युर्न संशयः ॥

टीका–मेष वृश्चिक कर्क इन राशियोंके चंद्रमामें जो संक्रांतिका प्रवेश होय तो इसका रक्तवर्ण जानिये वह दुःखदायक है और धनु मीन तुलाके

चंद्र मासमें संक्रांतिका पीतवर्ण ये लक्ष्मीकी प्राप्ति करती है और वृष कन्या मिथुनकी संक्रांतिका श्वेतवर्ण सुख और शुभप्राप्ति करानेवाली है मकर कुंभ और सिंहके चंद्रमाकी संक्रांतिका कृष्णवर्ण है यह मृत्युदायी है ॥

राशि अनुसार चंद्रमा ।

यादृशेन हिमरश्मिमालिना संक्रमो भवति तिग्मरोचिषा ॥
तादृशं फलमवाप्नुयान्नरः साध्वसाध्वपि वशेन शीतगोः ॥

टीका—जैसे चंद्रमा नष्टस्थानी व उत्तमस्थानी होकर शुभाशुभ फलको देता है उसी भांति नष्ट अथवा उत्तम चंद्रमाकी अर्की हुई संक्रांति चंद्रमाके अनुसार फलदायक होती है ॥

पुण्यकाल ।

पूर्वतोपि हि रवेश्च संक्रमात्पुण्यकालघटिकास्तु षोडश ॥
अर्धरात्रिसमयादनन्तरं संक्रमे परदिनं हि पुण्यदम् ॥

टीका—सोलह घटिका पुण्यकाल होता है जो संक्रांति दिनमें पडे पूर्व रात्रि ताई तो पुण्यकाल उसी दिवस जानना चाहिये और जो वृद्धि रात्रिके पीछे पडे तो दूसरे दिवस पुण्यकाल होगा ॥

ग्रहण प्रकार ।

चंद्रग्रहणकी प्रवृत्ति ।

भानोः पञ्चदशे ऋक्षे चन्द्रमा यदि तिष्ठति ॥
पौर्णमास्या निशाशेषे चन्द्रग्रहणमादिशेत् ॥

टीका—सूर्यसे पंद्रहवें नक्षत्रमें जो चंद्रमा स्थित होय तो पूर्णमासीके निशा शेष अर्थात् प्रतिपदाकी संधिमें चंद्र ग्रहण होता है ॥

सूर्यग्रहण ।

मघोनं ग्रस्तनक्षत्रात् षोडशं यदि सूर्यभम् ॥
अमावास्या दिवाशेषे सूर्यग्रहणमादिशेत् ॥

टीका—संपूर्ण महीनोंकी अमावास्याके दिन सूर्य और चंद्रमा एक राशिके

होते हैं परंतु अमावास्याके दिन सूर्यनक्षत्र और दिवसनक्षत्र एक होय तो अमावास्या और प्रतिपदाकी संधिमें सूर्यग्रहण होता है उस दिन सूर्यनक्षत्रसे चंद्रनक्षत्र देखिये उसमेंसे ११ दिन काटि शेष १६ वें सूर्यनक्षत्र हो तो वही सूर्य ग्रहण होता है ॥

राशि अनुसार शुभाशुभ ग्रहणफल ।

त्रिषड्दशायोपगतं नराणां शुभप्रदं स्याद्ग्रहणं रवीन्द्वोः ॥
द्विसप्तनन्देषु च मध्यमं स्याच्छेषेष्वनिष्टं मुनयो वदन्ति ॥

टीका—सूर्य अथवा चंद्रग्रहण अपनी राशिसे जिस राशिपर होय उसका शुभाशुभ फल विचारिये तीसरी छठी दशवीं राशिपर होय तौ शुभ जानिये और दूसरा सातवां नववां ये मध्यम और पहिला चौथा पांचवां आठवीं ग्यारहवां बारहवां ये नष्ट हैं ॥

दूसरा पक्ष ।

ग्रासात्तृतीयोऽष्टमगश्चतुर्थस्तथायसंस्थः शुभगः स्वराशेः ।
ग्रासाद्रविः पञ्चनवर्तुमध्यस्ततोऽधमोक्ताश्च बुधैश्च शेषाः ॥

टीका—जिस राशिपर सूर्यग्रहण होय उससे अपनी राशितक गिने तो ३ । ८ । ४ । ११ ये उत्तम और ५ । ८ । ६ ये मध्यम और १ । २ । ७ । १० । १२ ये राशि अधम जैसी राशि होय वैसाही फल होता है ॥

ऋतुप्रकरण शुभाशुभ फल ।

तिथिरेकगुणा प्रोक्ता नक्षत्रं च चतुर्गुणम् ॥ वारःषष्ठगुणोज्ञेयो मासश्चाष्टगुणःस्मृतः ॥ वस्त्रं शतगुणं विद्याद्दर्शनं च ततोऽधिकम् ॥

टीका—तिथि एक गुणी नक्षत्र ४ गुणा वार ६ गुणा मास ७ गुणा और वस्त्र १०० गुणा जो अधिक ज्ञान होय तिसका गुण सबसे अधिक परंतु अच्छा दिवस होय तौ अच्छा गुण और दुष्ट होय तौ बुरा जानिये ॥

मासफल ।

आर्तवे प्रथमे चैत्रे वैधव्यं जायते ध्रुवम् ॥ वैशाखे धनवृद्धिः

स्याज्ज्येष्ठे रोगान्विता भवेत् ॥ आषाढे मृतवत्सा च श्रावणे धनसंयुता ॥ भाद्रे च दुर्भगा नारी आश्विने धनधान्यभाक् ॥ कार्तिके निर्द्धना नारी मार्गशीर्षे बहुप्रजा ॥ पौषे च पुंश्चली नारी माघे पुत्रवती भवेत् ॥ फाल्गुने पुत्रसंपन्ना ज्ञेयं मासफलं बुधैः ॥

टीका—चैत्रमासमें प्रथम ऋतुदर्शन होय तो विधवा होय, वैशाखमें धनवृद्धि, ज्येष्ठमें रोगयुक्त, आषाढमें मृतवत्सा, श्रावणमें लक्ष्मी, भाद्रपदमें दरिद्र, आश्विनमें धनधान्य, कार्तिकमें निर्धन, मार्गशीर्षमें बहुप्रजा, पौषमें व्यभिचारिणी, माघमें पुत्रवती और फाल्गुनमें ऋतुदर्शन होनेसे पुत्रसंपन्न जानिये ॥

तिथिफल।

शुचिर्नारी प्रतिपदि द्वितीयायां तु दुःखिनी ॥ तृतीयायां पुत्रवती चतुर्थ्यां विधवा भवेत् ॥ पञ्चम्यां चैव सौभाग्यं षष्ठ्यां कार्यविनाशिनी ॥ सप्तम्यां सुप्रजा नारी चाष्टम्यां राक्षसी तथा ॥ नवम्यां विधवा नारी दशम्यां सौख्यभोगिनी ॥ एकादश्यां शुचिर्नारी द्वादश्यां मरणं ध्रुवम् ॥ त्रयोदश्यां शुभा प्रोक्ता चतुर्दश्यां परान्विता ॥ पौर्णमास्याममायां च शुभं चाशुभमेव च ॥

टीका—प्रतिपदामें ऋतुदर्शन होय तो शुचि, द्वितीयामें दुःखिनी, तृतीयामें पुत्रवती, चतुर्थीमें विधवा, पंचमीमें सौभाग्यवती, षष्ठीमें कार्यनाशिनी, सप्तमीमें उत्तम संतति, अष्टमीमें राक्षसी, नवमीमें विधवा, दशमीमें सौख्यभोगिनी, एकादशीमें शुचि, द्वादशीमें मरण, त्रयोदशीमें शुभ, चतुर्दशीमें व्यभिचारिणी, पौर्णिमामें शुभ, अमावास्यामें अशुभ जानिये ॥

ग्रहण और संक्रांतिका फल।

संक्रान्त्यां ग्रहणे चैव वैरिणी च गतालका ॥

टीका—संक्रांतिमें प्रथम ऋतुदर्शन होय तो वैरिणी और ग्रहणमें होय तो विधवा जानिये ॥

वारफल।

आदित्ये विधवा नारी सोमे चैव मृतप्रजा ॥ मङ्गले आत्मघाती

स्याद्बुधे कन्याप्रसूः स्मृता ॥ गुरुवारे सुतप्राप्तिः कन्यापुत्र-
युता भृगौ ॥ मन्दे च पुंश्चली नारी ज्ञेयं वारफलं शुभम् ॥

टीका—रविवारको ऋतुदर्शन होय तौ विधवा होय सोमवारको मृतप्रजा, भौमवारको आत्मघातिनी, बुधवारको कन्यासंतति होय, गुरुवारको पुत्रप्रसूति, भृगुवारको कन्या और पुत्रप्रसूति और शनिवारको होय तौ स्त्री व्यभिचारिणी होय ॥

नक्षत्रफल ।

अश्विन्यां सुभगा नारी भरण्यां विधवा भवेत् ॥ कृत्तिकायां च
वन्ध्या स्याद्रोहिण्यां चारुभाषिणी ॥ मृगे दारिद्र्ययुक्तोक्ता
चार्द्रायां क्रोधकारिणी ॥ पुनर्वसौ पुत्रवती पुष्ये पुत्रधनेश्वरी ॥
आश्लेषायां भवेद्वन्ध्या मघायां चार्थसंयुता ॥ पूर्वायां चार्थयुक्ता हि
चोत्तरायां सती तथा ॥ हस्ते पुत्रधनैर्युक्ता चित्रायामनुचारिणी ॥
स्वात्यान्यगर्भावयवा विशाखायां तु निष्ठुरा ॥ मैत्रे च दुर्भगा नारी
ज्येष्ठायां विधवा भवेत् ॥ मूले पतिव्रता साध्वी पूर्वा सौभाग्य-
भोगिनी ॥ उत्तरार्थवती प्रोक्ता श्रवे साभाग्यसंपदः ॥ धनिष्ठायां
शुभा नारी शते भद्रान्विता बुधैः ॥ पुम्भ चोक्ता कामिनी तु उभे
लक्ष्मीयुता शुभा ॥ रेवत्यां पातिरिक्ता तु ज्ञेयं भानां फलं बुधैः ॥

टीका—अश्विनी नक्षत्रमें जो स्त्री प्रथम ऋतुस्नात होय तौ शुभ, भरणीमें विधवा, कृत्तिकामें वंध्या, रोहिणीमें प्रियभाषिणी, मृगशिरमें दरिद्रिणी, आर्द्रामें क्रोधिनी, पुनर्वसुमें पुत्रवती, पुष्यमें पुत्र और धनवती, आश्लेषामें बांझ, मघामें धनवती, पूर्वामें अर्थवती, उत्तरामें पतिव्रता हस्तमें पुत्रवती, धनवती, चित्रामें दासी, स्वातीमें अन्यगर्भवती, विशाखामें निष्ठुर, अनुराधामें दुर्भागिनी, ज्येष्ठामें विधवा, मूलमें पतिव्रता, पूर्वाषाढामें सौभाग्यवती, उत्तराषाढामें अर्थवती श्रवणमें सौभाग्य और संपत्तियुक्त, धनिष्ठामें शुभ, शतभिषामें शुभ, पूर्वाभाद्रपदामें उत्तमभोगवती, उत्तराभाद्रपदामें लक्ष्मीवती, रेवतीमें पतिरहित जानिये ॥

योगफल ।

आद्यर्तौ विधवा नारी विष्कम्भे च रजस्वला॥स्नेहःप्रीत्या तु दम्पत्योरायुष्मांस्तु धनप्रदः ॥ सौभाग्ये पुत्रयुक्ता तु शोभने मङ्गलान्विता ॥ अतिगण्डे तु विधवा सुकर्मणि तु शोभना ॥ धृतौ संपत्तियुक्ता च शूले रोगयुता भवेत् ॥ गण्डे दुःखान्विता नारी वृद्धौ पुत्रान्विता भवेत् ॥ ध्रुवे तु शोभना नारी व्याघाते भर्तृघातकी ॥ हर्षणे हर्षयुक्ता तु वज्रे चैवानपत्यता ॥ सिद्धौ पुत्रान्विता नारी व्यतीपाते विभर्तृका ॥ मृतवत्सा च वर्याणे परिघे चाल्पजीविनी ॥ शिवे पुत्रवती नारी सिद्धे शीघ्रफलान्विता ॥ साध्ये धर्मपरा नारी शुभे शुभगुणान्विता ॥ शुक्ले शुभकरा नारी ब्रह्मणि स्वपतौ रता ॥ ऐन्द्रे देवररक्ता च वैधव्यं वैधृतौ स्मृतम् ॥

टीका—विष्कंभयोगमें जो प्रथम ऋतुदर्शन होय तो स्त्री विधवा होय, प्रीतियोगमें पतिसे स्नेह, आयुष्मान्में धनप्राप्ति, सौभाग्यमें पुत्रवती, शोभनमें मंगलदायक, अतिगंडमें विधवा, सुकर्मामें शुभ, धृतिमें संपत्तियुक्त, शूलमें रोगिणी, गण्डमें दुःखान्विता, वृद्धिमें पुत्रयुक्ता, ध्रुवमें शुभ, व्याघातमें पतिघातिनी, हर्षणमें हर्षयुक्ता, वज्रमें वंध्या, सिद्धियोगमें पुत्रयुक्ता, व्यतीपातमें पतिरहिता, वर्याणमें मृतपुत्रा, परिघमें अल्पजीविनी, शिवमें पुत्रवती, सिद्धिमें शीघ्र फलयुक्ता, साध्ययोगमें अधर्मपरा, शुभयोगमें शुभगुणयुक्ता, शुक्लयोगमें शुभकर्मपरा, ब्रह्मयोगमें निजपतिरता, ऐंद्रमें देवररता और वैधृतियोगमें विधवा होय ॥

करणफल ।

बवे प्रोक्ता तु वन्ध्या स्त्री बालवे पुत्रसंपदः॥कौलवे पुंश्चली नारी तैतिले चारुभाषिणी ॥ गरे च गुणसंपन्ना वणिजे पुत्रिणी स्मृता ॥ विष्ट्या च मृतवत्सा च शकुनौ कामपीडिता॥ चतुष्पदे शुभा नारी नागे पुत्रवती भवेत् ॥ किंस्तुघ्ने व्यभिचारः स्यात् करणानां शुभं फलम् ॥

टीका–बवकरणमें जो स्त्री प्रथम पुष्पवती होय तो वह वंध्या होय, बालवमें पुत्रकी प्राप्ति, कौलवमें वेश्या, तैतिलमें प्रियभाषिणी, गरमें गुणसंपन्ना, वणिजमें पुत्रिणी, विष्टिमें मृतवत्सा अर्थात् उसके बालक मर जांय, शकुनिमें कामातुरा, चतुष्पदमें शुभ, नागमें पुत्रवती, किंस्तुघ्नमें व्यभिचारिणी जानिये॥

राशिफल ।

व्यभिचारी तु मेषे स्याद्वृषभे सुखभोगिनी ॥ मिथुने धनयुक्तोक्ता कर्कटे दुःखिता बुधैः॥ सिंहे पुत्रवती नारी कन्यायां मानिनी शुभा॥ तुले विचक्षणा नारी वृश्चिके व्यभिचारिणी ॥ धने पतिव्रता ज्ञेया मांसहीना च नक्रके॥ कुम्भे धनवती ज्ञेया मीने च चपला बुधैः॥

टीका–मेष राशिमें जो ऋतुमती होय तौ व्यभिचारिणी, वृषमें सुखभोगिनी, मिथुनमें धनयुक्ता, कर्कमें दुःखी, सिंहमें पुत्रवती, कन्यामें अभिमानी, तुलामें कुचाली, वृश्चिकमें जारिणी, धनमें पतिव्रता, मकरमें कृशा, कुंभमें धनवती, मीनमें चपला ऐसे जानिये ॥

होराफल ।

सूर्ये च व्याधिसंयुक्ता चन्द्रे होरे पतिव्रता ॥ कुजे होरे तु दौर्भाग्यं बुधे होरे तु पुत्रिणी ॥ जीवे सर्वसमृद्धिः स्याद्भृगौ सौभाग्यमेव च॥ शनौ सर्वविनाशाय होरकस्य फलं बुधैः ॥

होरा	फल	होरा	फल
रविका होरा	रोगिणी	गुरुका होरा	सर्वसिद्धि
सोमका होरा	पतिव्रता	शुक्रका होरा	सौभाग्य
भौमका होरा	दुर्भगा	शनिका होरा	सर्वविनाशिनी
बुधका होरा	पुत्रिणी		

लग्नफल ।

मेषलग्ने दरिद्रा च वृषभे धनसंयुता ॥ कामिनी मिथुने लग्ने कर्कटे पतिनाशिका ॥ सिंहे पुत्रप्रसूता च पतियुक्तस्या(न्य)लग्नके ॥ तुले

चैवान्धतादायी वृश्चिके दद्रुदुःखिनी॥ धनुर्लग्ने धनैश्वर्यं मकरे कर्कशा भवेत्॥ कुम्भे वंशद्वयघ्नी च मीने सर्वगुणान्विता॥

टीका-प्रथमसंक्रांति चलती होय सोई प्रथम लग्न जानिये। १ मेष लग्नमें ऋतुमती होय तो दरिद्रिणी, २ धनयुक्ता, ३ कामिनी, ४ पतिनाशिनी, ५ पुत्रप्रसूता, ६ पतिव्रता, ७ अंधतादायक, ८ दद्रुदुःखित, ९ धनैश्वर्यवती १० कर्कशा, ११ उभयवंशनाशिनी, १२ गुणयुक्ता॥

ग्रहोंका फल।

लग्ने राहुश्च सौरिश्च रविचन्द्रौ तथैव तु॥
तदा सा विधवा नारी सर्वसौभाग्यवर्जिता॥

टीका-जिस लग्नमें स्त्री प्रथम रजस्वला होय उसमें राहु, शनि, रवि, चन्द्र, ये चार ग्रह स्थित होंय तो वह स्त्री विधवा होय॥

रक्तफल।

शोणिता बिन्दुमात्रेण स्वैरिणी चाल्पशोणिता॥ रक्ते रक्ते भवेत्पुत्रः कृष्णे चैव मृतप्रजा॥ पिच्छिले च भवेद्वन्ध्या काकवन्ध्या च पांडुरे॥ पीते दुश्चारिणी ज्ञेया सुभगा गुञ्ज-सादृशे॥ सिन्दूरवर्णे रक्ते तु कन्यासंततिरेव च॥

टीका-प्रथम ऋतुदर्शनके समय रक्त बिंदुमात्र और अल्पवर्ण होय तिसका फल यह है कि स्त्री व्यभिचारिणी होय, रक्तवर्ण रुधिर होय तौ पुत्रवती, काला होय तो मृतप्रजा, पिच्छिल अर्थात् गाढा हो तौ बांझ, पांडुर वर्णसे वन्ध्या, पीतवर्णसे दुराचारिणी, गुंजा सदृशसे सुभागिनी, सिंदूर-वर्णसे कन्याप्रसूति इस प्रकार फल जानिये॥

कालफल।

पूर्वाह्णे सुभगा प्रोक्ता मध्याह्ने चैव निर्धना॥ अपराह्णे शुभा चैव सायाह्ने सर्वभोगिनी॥ सन्ध्ययोरुभयोर्वेश्या निशीथे विधवा भवेत्॥ पूर्वरात्रे तथा वन्ध्या दुर्भगा सर्वसंधिषु॥

टीका—जो स्त्रीके प्रथम ऋतुदर्शन प्रातःकाल होय तो सुभगा जानिये, मध्याह्नमें निर्धना, तीसरे पहर होय तौ शुभ, संध्याको होय तौ सर्वभोगिनी और दोनों संधिमें होय तो वेश्या, आधी रात्रिमें होय तौ विधवा, पूर्वरात्रिमें होय तो बांझ, सब सन्धिमें दुर्भगा ये फल जानिये ॥

पहिरे हुए वस्त्रोंका फल ।

सुभगा श्वेतवस्त्रा च रोगिणी रक्तवस्त्रका ॥ नीलाम्बरधरा नारी विधवा पुष्पवन्तिका ॥ भोगिनी पीतवस्त्रा च मिश्रवस्त्रा वराप्रिया ॥ सूक्ष्मा स्यात्सूक्ष्मवस्त्रा च दृढवस्त्रा पतिव्रता ॥ दुर्भगा जीर्णवस्त्रा च सुभगा मध्यवाससा ॥ धौतवस्त्रा शुभा नारी मालिनी मलिना भवेत् ॥

टीका—प्रथम ऋतुसमय पांडुर वस्त्र पहिरे होय तौ शुभ, लाल वस्त्र पहिरे स्त्री पुष्पवती होय तौ रोगिणी, नीले वस्त्रसे विधवा, पीत वस्त्रसे भोगिनी, मिश्रवर्णवस्त्रयुता पतिप्रिया, सूक्ष्मवस्त्रयुता कृशा, मोटे वस्त्रयुता पतिव्रता, जीर्णवस्त्र पहिरनेसे स्त्री दुर्भागिनी, मध्यम वस्त्रयुता सुभगा, धुले वस्त्रयुता सुभगा और मलीन वस्त्र पहिने स्त्री प्रथम ऋतुधर्मको प्राप्त होय सो मलीन जानिये ॥

रजस्वलाधर्म ।

आर्तवाभिप्लुता नारी नैकवेश्मनि संश्रयेत् ॥ न चान्यजातिसंस्पर्शं कुर्यात्स्पर्शं न च क्वचित् ॥ त्रिरात्रं स्वमुखं नैव दर्शयेद्यस्य कस्यचित् ॥ स्ववाक्यं श्रावयेन्नैव न कुर्याद्दन्तधावनम् ॥ न कुर्यादार्तवे नारी ग्रहाणामीक्षणं तथा ॥ अञ्जनाभ्यञ्जनं स्नानं प्रवासं वर्जयेत्तथा ॥ नखादिकृन्तनं रज्जुतालपत्रादिबन्धनम् ॥ नवे शरावे भुञ्जीत तोयं चाञ्जलिना पिबेत् ॥

टीका—ऋतुमती स्त्रीको एक घरमें रखना, अन्य जातिसे स्पर्श न करना, अपनी जातिमेंभी स्पर्श न करना, तीन रात्रि अपना मुख किसीको न दिखाना, अपनी वाणी किसीको न सुनाना, दातुन नहीं करना, नक्षत्रोंको न देखना, काजल, तैल, स्नान, रस्ता चलना, डोरीका स्पर्श, तालपत्रका बन्धन

इतने कर्म न करे नवीन मृत्तिकाके पात्रमें भोजन करे और अंजुलीसे जल पीवे ॥

गर्भाधानका मुहूर्त ।

ऋतौ तु प्रथमे कार्यं पुन्नक्षत्रे शुभे दिने ॥
मघामूलान्त्यपक्षान्तमुक्त्वा चन्द्रबले सति ॥

टीका-प्रथम ऋतुदर्शन समय पुरुषनक्षत्र और शुभदिनमें मघा, मूल रेवती अमावास्या, पूर्णिमा इनको छोड बलवान् चंद्रमें गर्भाधान करना योग्य है ॥

गर्भाधानमें त्याज्य ।

गण्डान्तं त्रिविधं त्यजेन्निधनजन्मर्क्षे च मूलान्तकं दास्रं पौष्णमथोपरागदिवसं पातं तथा वैधृतिम् ॥ पित्रोः श्राद्धदिनं दिवा च परिघाद्यर्द्धं स्वपत्नीगमे भानूत्पातहतानि मृत्युभवनं जन्मर्क्षतः पापभम् ॥ भद्रा षष्ठी पर्व रिक्ता च सन्ध्या भौमार्कार्कीनाद्यरात्र्यश्चतस्रः ॥

टीका-गण्डांत ३ प्रकारके अर्थात् तिथिगंडांत, लग्नगंडांत, नक्षत्रगंडांत, वधतारा, जन्मतारा, मूल, भरणी, अश्विनी, रेवती, ग्रहणदिन, व्यतीपात, वैधृति, श्राद्धदिन, परिघार्ध, उत्पातनक्षत्र, पापयुक्तनक्षत्र, जन्मलग्नसे अष्टम लग्न, भद्रा, षष्ठीतिथि, पर्वतिथि अर्थात् चतुर्दशी, अष्टमी, अमावास्या, पौर्णिमा, संक्रांति, रिक्तातिथि अर्थात् चतुर्थी, नवमी, चतुर्दशी, संध्याकाल भौम, रवि शनि ये वार और प्रथम रात्रिसे चार रात्रि ये गर्भाधानमें त्याज्य हैं॥

ऋतुकी षोडशरात्रियोंका शुभाशुभ निर्णय ।

ऋतुः स्वाभाविकः स्त्रीणां रात्रयः षोडश स्मृताः ॥ तासामाद्याश्चतस्रस्तु निन्दितैकादशी च या ॥ त्रयोदशी च शेषाः स्युः प्रशस्ता दश वासराः ॥ तस्मात् त्रिरात्रं चाण्डालीं पुष्पितां परिवर्जयेत् ॥

टीका-स्त्रियोंके ऋतुधर्मसंबंधी स्वाभाविक १६ रात्रि होती हैं उनमेंसे प्रथम तीन रात्रिमें पुष्पवती चांडाली होती है और चौथी ग्यारहवीं तेरहवीं ये निंदित अर्थात् वर्जनीय और शेष दश रात्रि प्रशस्त हैं ॥

रात्रौ चतुर्थ्यां पुत्रः स्यादल्पायुर्धनवर्जितः ॥ पञ्चम्यां पुत्रिणी

नारी षष्ठ्यां पुत्रस्तु मध्यमः ॥ सप्तम्यामप्रजा योषिदष्टम्या-मीश्वरः पुमान्॥ नवम्यां सुभगा नारी दशम्यां प्रवरः सुतः ॥ एकादश्यामधर्म्या स्त्री द्वादश्यां पुरुषोत्तमः ॥ त्रयोदश्यां सुता पापा वर्णसंकरकारिणी ॥ धर्मज्ञश्च कृतज्ञश्च आत्मवेदी दृढ-व्रतः ॥ प्रजायते चतुर्दश्यां पंचदश्यां पतिव्रता ॥ आश्रयः सर्वभूतानां षोडश्यां जायते पुमान् ॥

टीका—चौथी रात्रिमें स्त्रीसंग करे तो पुत्र अल्पायु और धनवर्जित होय, पांचवीं रात्रिमें पुत्रवती, छठी रात्रिमें मध्यम पुत्र, सातवीमें पुत्र उत्पन्न नहीं होगा, अष्टमी रात्रिमें ईश्वरभक्त, नवमी रात्रिमें सौभाग्यवृद्धि, दशमीमें गुणवान् पुत्र, ग्यारहवींमें अधर्मी पुत्र, बारहवीं रात्रिमें उत्तम पुरुष, तेरहवींमें पापक-र्मिणी कन्या, चौदहवींमें धर्मात्मा कृतज्ञ और व्रत करनेहारा पुत्र, पन्द्रहवीं रात्रिको पतिव्रता, सोलहवीं रात्रिको सब जीवोंका आश्रय देनेवाला पुत्र उत्पन्न होता है ॥

निषेकके तिथि और वार।

षष्ठ्यष्टमी पञ्चदशी चतुर्थी चतुर्दशीरप्युभयत्र हित्वा ॥
शेषाः शुभाः स्युस्तिथयो निषेके वाराः शशाङ्कार्यसितेंदुजाश्च ॥

टीका—षष्ठी अष्टमी, पौर्णिमा, अमावास्या, चतुर्थी, चतुर्दशी इन तिथि-योंको छोडकर शेष तिथि और सोम, गुरु, शुक्र, बुध ये वार शुभ जानिये॥

नक्षत्र।

विष्णुप्रजेशरविमित्रसमीरपौष्णमूलोत्तरावरुणभानि
निषेककार्ये ॥ पूज्यानि पुष्यवसुशीतकराश्विचि-
त्रादित्याश्च मध्यमफला विफलाः स्युरन्ये ॥

टीका—श्रवण, रोहिणी, हस्त, अनुराधा, स्वाती, रेवती, मूल, तीनों उत्त-रा, शतभिषा ये नक्षत्र उत्तम कहे हैं और पुष्य, धनिष्ठा मृगशिर, अश्विनी, चित्रा, पुनर्वसु ये मध्यम हैं, और शेष नक्षत्र अधम जानिये। मुहूर्त्त मार्तंडके

मतसे। वैधृति, संक्रांति, महापात आदि दुष्ट योग और आद्यात, पूर्वदिन, जन्मनक्षत्रसंधि, दिवस रात्रि नक्षत्र इत्यादि वर्जनीय करते हैं और जिस लग्नमें विषमस्थानी नवांशकमें उच्च बृहस्पति अथवा सूर्य चन्द्रमा होय तो पुत्रप्राप्ति होय और येही ग्रह समराशिके होंय तो कन्याप्राप्ति होय॥

गर्भाधानमें लग्नशुद्धि।

केन्द्रत्रिकोणेषु शुभैश्च पापैस्त्र्यायारिगैः पुंग्रहदृष्टलग्ने॥
ओजांशकेऽजेऽपि च युग्मरात्रौ चित्रादितीज्याश्विषु मध्यमं स्यात्॥

टीका—प्रथम, चतुर्थ, सप्तम, दशम ये केंद्र इसमें शुभग्रह होय, त्रिकोण, नवम, पञ्चम इसमें शुभग्रह होंय ३।११।१०।६ इसमें पापग्रह होय लग्नको पुरुष ग्रह देखते होंय और विषम नवांशमें चंद्रमा होय तो इसमें गर्भाधान शुभ है और समरात्री, पुनर्वसु, पुष्य, आश्विनी ये नक्षत्र मध्यम होते हैं॥

प्रथम गर्भिणीके पुंसवनादिक संस्कार।

मूलादित्रितये करे श्रवणके भाद्रद्वयार्द्रात्रये रेवत्यां मृगपञ्चके दिनकरे भौमेन रिक्तातिथौ॥ नेत्रे मास्यथवाग्निमासि धनुषि स्त्रीमीनयोश्च स्थिरे लग्ने पुंसवनं तथैव शुभदं सीमन्तकर्माष्टमे॥

टीका—मूल, पूर्वाषाढा, उत्तराषाढा, हस्त, श्रवण, पूर्वाभाद्रपदा, उत्तराभाद्रपदा, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, रेवती, अश्विनी भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिर और रवि भौमवार और रिक्ता तिथि वर्जनीय है और गर्भाधानसे दूसरा महीना, तीसरा मास और धन कन्या मीन और स्थिर लग्नोंमें पुंसवन कर्म करे और इनहीं नक्षत्र वा लग्नोंमें ये अष्टमासमें सीमन्तकर्म करना शुभ कहाहै॥

वारफल।

मृत्युश्च सौरेस्तनुहानिरिन्दोः प्रजामृतिः पुंसवने बुधस्य॥
काकी च वन्ध्या भवतीह शुक्रे सुपुत्रलाभो रविभौमजीवैः॥

टीका—शनिवारको पुंसवन कर्म करे तो मृत्यु होय, चन्द्रवारको शरीरका नाश, बुधवारको सन्तानलाभ, शुक्रवारको काकवन्ध्या एकवार प्रसूति और

रवि, भौम, गुरु इन वारोंमें पुत्रप्राप्त होय, परंतु स्त्रीके चन्द्रमा शुभ होय, दुष्ट योगादिक वर्जित हैं, उक्त नक्षत्र आदिमें और शुभ दिवसमें पुंसवन कहिये गर्भकी पुरुषाकृति होना यह कर्म करावे और जिस मुहूर्तमें गर्भकी स्थिरता कही है इसीमें अनवलोभनभी कर्म उक्त है ॥

अन्य मत ।

चतुर्थषष्ठाष्टममासभाजि सौरेण गर्भे प्रथमं विधेयम् ॥
सीमन्तकर्म द्विजभामिनीनां मासेऽष्टमे विष्णुबलिं च कुर्यात् ॥

टीका–प्रथम गर्भधारण होनेसे चतुर्थ षष्ठ अष्टम ऐसे सम सौर मासोंमें आठ मासपर्यंत ब्राह्मण क्षत्रिय वैश्योंकी स्त्रियोंका सीमंतकर्म और विष्णुबलि करना उचित है ॥

सीमन्ते तिष्यहस्तादितिहरिशशभृत्पौष्णविद्ध्युत्तराख्या ॥
पक्षच्छिद्रा च रिक्ता पितृातिथिमपहायापराः स्युः प्रशस्ताः ॥

टीका–सीमंतकर्ममें पुष्य, हस्त, पुनर्वसु, श्रवण, मृगशिर, रेवती, रोहिणी तीनों उत्तरा ये नक्षत्र शुभ हैं और पक्षरंध्र तिथि, रिक्ता तिथि और अमावास्याको छोड शेष तिथि शुभ जानिये ॥

पक्षच्छिद्रातिथि ।

चतुर्दशी चतुर्थी च अष्टमी नवमी तथा ॥ षष्ठी च द्वादशी चैव पक्षच्छिद्राह्वयाः स्मृताः ॥ कर्मोदितासु तिथिषु वर्जनीयाश्च नाडिकाः ॥भूताष्टमनुतत्वाङ्कदशशेषास्तु शोभनाः॥

टीका–चतुर्दशीकी प्रथमकी ५ घटिका, चौथकी ८ घटिका, अष्टमीकी १४ घटिका, षष्ठीकी ८ घटिका, द्वादशीकी १० घटिका वर्जनीय हैं और शेष घडी शुभ हैं ।

मासेश्वरज्ञान ।

मासेश्वराः सितकुजेज्यरवीन्दुसौरेचन्द्रात्मजास्तनुपचन्द्रादिवाकराः स्युः ॥

मासेश्वरज्ञानार्थं मासेशचक्रम्।

१	२	३	४	५
स्वामी-शुक्र	स्वामी-भौम	स्वामी-गुरु	स्वामी-रवि	स्वामी-चंद्र
६	७	८	९	१०
स्वामी-शनि	स्वामी-बुध	स्वा.गर्भाधा.ल	स्वामी-चंद्र	स्वामी-सूर्य

गर्भिणीधर्म।

भूम्यां चैवोच्चनीचायामारोहणेऽवरोहणे ॥ नदीप्रतरणं चव शकटारोहणं तथा ॥ उग्रौषधं तथा क्षारं मैथुनं भारवाहनम् ॥ कृते पुंसवनं चैव गर्भिणी परिवर्जयेत् ॥

टीका–पुंसवन कर्म होने उपरांत गर्भिणीको ऊंचे नीचे स्थानपर चढना उतरना, भागकर चलना, नदी तरना, गाडीपर बैठकर चलना, तीक्ष्ण अर्थात् गरम औषध, नीरस क्षार आदि खाना, मैथुन भार उठाना ये कर्म वर्जित हैं ॥

गर्भिणीप्रश्न।

नामाक्षराणि त्रिगुणीकृतानि तुरङ्गदेशे तिथिमिश्रितानि ॥ अष्टौ च भागं लभते च शेषं समे च कन्या विषमे च पुत्रः ॥

टीका–गर्भिणीके नामके अक्षर तिगुणे करे तिनमें घोडाके नामाक्षर और देशके अक्षर मिलाके वर्तमान तिथि मिलावे और आठका भाग दे शेष अंक सम बचें तो कन्या और विषम बचें तो पुत्र होय ॥

प्रसूतिस्थानप्रवेशनक्षत्र।

रोहिण्यैन्दवपौष्णेषु स्वातीवारुणयोरपि ॥ पुनर्वसौ पुष्यहस्त-धनिष्ठात्र्युत्तरासु च ॥ मैत्रे त्वाष्ट्रे तथाश्विन्यां सूतिकागार-वेशनम् ॥ प्रसूतिसम्भवे काले सद्य एव प्रवेशयेत् ॥

टीका–रोहिणी, मृगशिर, रेवती, स्वाती, शतभिषा, पुनर्वसु, पुष्य, हस्त, धनिष्ठा, तीनों उत्तरा, अनुराधा, चित्रा, अश्विनी ये नक्षत्र प्रसूतिका भवनके प्रवेशमें कहे हैं प्रसूतिसमयमें इन नक्षत्रोंमें तत्काल प्रवेश करावे ॥

गर्भके लक्षण।

कललं १ च घनं २ शाखा३ स्थि४ त्व५ ग्रोमोद्गमः६ स्मृतिः७॥
क्षुत्कि८रुद्वेग९ संसूति १० र्मासेष्वाधानतः क्रमात् ॥

टीका—गर्भाधानसे १० मासतक गर्भका रूप कहते हैं. १ मासमें कलल कहिये शुक्र रुधिर इसके संयोगसे पिंडित होता है. २ मासमें घन कहिये वह पिंड दृढ होता है. ३ मासमें उस पिंडमें शाखा कहिये, हस्त और पाद उत्पन्न होते हैं. ४ मासमें उसमें अस्थि हाड होते हैं. ५ मासमें उसपर त्वचा कहिये चमडा. ६ मासमें रोम कहिये केश होते हैं. ७ मासमें स्मृति अर्थात् ज्ञान होता है. ८ मासमें क्षुधाका होना. ९ नवम मासमें उद्वेग अर्थात् गर्भस्थल उदरसे निकलनेकी इच्छा करता है. १० मासमें प्रसव जानना चाहिये ॥

प्रसूतिसमयकाप्रश्न।

मीने मेषे स्त्रियौ द्वे च चतस्रो वृषकुम्भयोः ॥ तुलाकन्यकयोः सप्त बाणाख्या धनकर्कयोः ॥ अन्यलग्ने भवेत्तिस्र एवं ज्ञेयं विचक्षणः ॥ यथा राहुस्तथा शय्या भौमे खट्वाङ्गभङ्गता ॥ रविस्थाने भवेद्दीपः शनिस्थाने तु नालकम् ॥

टीका—मीन अथवा मेष इन लग्नोंमें जो स्त्रीके प्रसव होय तो उस समय उसके निकट दो स्त्रियां और वृष कुंभ होंय तो ४, तुला कन्या होंय तो ७, धन और कर्कमें ५, अन्य लग्नोंमें तीन तीन स्त्रियां जाननी चाहिये, जन्मकुंडलीके मध्य जिस दिशामें राहु स्थित होय उसी दिशामें शय्या जाननी, जो लग्नमें मंगल बैठा होय तो खाटका अंगभंग जानिये. जिस स्थानमें रवि होय उसी दिशामें दीपक और जिस दिशामें शनि होय उसमें नाल समझना ॥

तिथिगण्डान्त।

पूर्णानन्दाख्ययोस्तिथ्योः सन्धिर्नाडीद्वयं तथा ॥
गण्डान्तं मृत्युदं जन्म यात्रोद्वाहव्रतादिषु ॥

टीका-पूर्णातिथि कहिये १५।५।१० और पडवा, छठ, एकादशी कहिये नंदा इनकी संधिकी दो २ घटी अर्थात् पूर्णिमा पंचमी दशमीके अंतकी एक २ और पडवा छठी एकादशीके आदिकी एक २ घटी गंडांत है. यात्रा विवाह यज्ञोपवीतमें वर्जित हैं करे तो मृत्यु होय ॥

लग्नगंडान्त।

कुलीरसिंहयोः कीटचापयोर्मीनमेषयोः ॥
गण्डान्तमन्तराले स्याद्घटिकार्द्धं मृतिप्रदम् ॥

टीका-कर्क सिंह इन दोनों लग्नोंकी घटिका आधी और इस क्रमसे वृश्चिक और धन मीन मेष इनकी आदिकी घडी गंडांतरमें शुभकर्म न करे ये मृत्यु देती हैं।

नक्षत्रगंडांत।

पौष्णाश्विन्योः सर्पपित्र्यर्क्षयोश्च यच्च ज्येष्ठामूलयोरन्तरालम् ॥
तद्गण्डान्तं स्याच्चतुर्नाडिकं हि यात्राजन्मोद्वाहकालेष्वनिष्टम् ॥

टीका-रेवती अश्विनी इनकी संधिकी२ घटिका इसी क्रमसे आश्लेषा मघा ज्येष्ठा मूल इनकी संधिकी २ घटिका वर्जनीय और वैसेही तिथि लग्न और नक्षत्र ये त्रिविध गंडांत जानिये. यह यात्रा जन्मकाल और विवाहमें वर्जित हैं॥

जन्मकालमें गंडांतका शुभाशुभ फल।

आश्विनमिघमूलानां पूर्वार्द्धे बाध्यते पिता ॥ पूषादिशाक्रप-श्चार्द्धे जननी बाध्यते शिशुः॥ सर्वेषां गण्डजातानां परित्यागो विधीयते ॥ वर्जयेद्दर्शनं शावं तच्च षाण्मासिकं भवेत् ॥

टीका-अश्विनी मघा मूल इन नक्षत्रोंके पूर्वार्द्धमें जन्म होय तो पिताको अशुभ और रेवती ज्येष्ठा इन दोनों नक्षत्रोंके उत्तरार्द्धमें जन्म होय तो माताको अशुभ और गंडांतमें जन्म होय तो शिशुका त्याग करना योग्य है अथवा छः मासतक पुत्रको न देखे ॥

कृष्णचतुर्दशीका जन्मफल ।

कृष्णपक्षे चतुर्दश्यां प्रसूतेः षड्विधं फलम् ॥ चतुर्दश्याश्च षड्भागान् कुर्यादादौ शुभं स्मृतम् ॥ द्वितीये पितरं हन्ति तृतीये मातरं तथा ॥ चतुर्थे मातुलं हन्ति पञ्चमे वंशनाशनम् ॥ षष्ठे च धनहानिः स्यादात्मनो वंशनाशनम् ॥

टीका—जो कृष्णचतुर्दशीका जन्म होय तो तिथिके छः खंड दश २ घटिकाके करे. जो प्रथम खंडमें जन्म होय तो शुभ, द्वितीयामें पिताको अशुभ, तृतीयामें माताको अशुभ, पंचममें वंशनाश, छठेमें धनहानिकारक और अपने वंशका नाशक जानिये ॥

अमावास्याके जन्मका फल ।

सिनीवाल्यां प्रसूताश्च दासी भार्या पशुस्तथा ॥ गजोऽश्वो माहिषी चैव शक्रस्यापि श्रियं हरेत् ॥ कुहूप्रसूतिरत्यर्थं सर्वदोषकरी स्मृता ॥ यस्य प्रसूतिरेतेषां तस्यायुर्धननाशनम् ॥ सर्वगण्डसमस्तत्र दोषस्तु प्रबलो भवेत् ॥

टीका--चतुर्दशीयुक्त अमावास्याको दासी अथवा भार्या गाय हस्तिनी घोडी भैंस जो प्रसूता होय तो इंद्रकीभी संपत्ति हर लेती हैं और ठीक अमावास्याको प्रसूता हो तो बहुतसे दोष लगें और जिसकी इनमें प्रसूति होय उसकी आयुधनका नाश होय और गंडांतमें प्रसूति होय तो बहुतसे दोष जानिये ॥

दिनक्षयादिकफल ।

दिनक्षये व्यतीपाते व्याघाते विष्टिवैधृतौ ॥ शूले गण्डेऽतिगण्डे च परिघे यमघण्टके ॥ कालगण्डे मृत्युयोगे दग्धयोगे सुदारुणे ॥ तस्मिन्गंडदिने प्राप्ते प्रसूतिर्यदि जायते ॥ अतिदोषकरी प्रोक्ता तत्र पापयुता सती ॥

टीका--दिनक्षय व्यतीपात व्याघात भद्रा वैधृति शूल गण्ड अतिगंड परिघादि यमघंट कालगंड मृत्युयोग दग्धयोग दारुणयोग इनमें जन्म होय तो भारी पाप लगे ऐसी प्रसूतिके स्त्रीको पापयुक्त जानिये ॥

ज्येष्ठानक्षत्रफल।

ज्येष्ठादौ जनने माता द्वितीये जनने पिता ॥ तृतीये जनने भ्राता स्वयं माता चतुर्थके ॥ आत्मानं पञ्चमे हन्ति षष्ठे गोत्रक्षयो भवेत् ॥ सप्तमे चोभयकुलं ज्येष्ठभ्रातरमष्टमे ॥ नवमे श्वशुरं चैव सर्वं हन्ति दशांशके ॥

टीका—ज्येष्ठा नक्षत्रमें जो जन्म हो तो उस नक्षत्रकी छः घटियोंके दश भाग समान करे तिसका फल प्रथमभाग माताको अशुभ, दूसरा पिताको तीसरा मामाको, चौथा माताको, पांचवां शिशुको, छठा भाग गोत्रजोंको, सातवां पिता, नानाके परिवारको, आठवां बडे भ्राताको, नवम श्वशुरको, दशवां सर्व जनोंको बुरा है ॥

मूलनक्षत्रफल।

टीका—गाय अथवा वृषभ लेना होय तो उत्तराफाल्गुनीसे दिवसनक्षत्रतक गिने उसमेंसे मस्तकपर ३ फल लाभदायक, मुखमें २ फल हानि, पदपर ८ फल अर्थलाभ, हृदयमें ५ फल सुख, स्तनमें ८ फल महालाभ, भगपर १ फल प्रजावृद्धि गुह्यापर ४ फल भय जानिये और महिषी लेनी होय तोभी इसी क्रमसे शुभाशुभ फल जानिये परंतु सूर्यनक्षत्रसे दिवसनक्षत्रतक गिने और वृषभ लेना होय तौभी यही क्रम जानिये परंतु पदपर १६ नक्षत्र धरे शेषस्थानमें २ धरे और गायके समान शुभाशुभ फल जाने ॥

अश्व मोल लेनेका मुहूर्त ।

अश्वेतुसूर्यभाच्चैव, साभिजिद्भानिविन्यसेत् ॥ पञ्चस्कन्धेजन्मभान्तं

पृष्ठेतुदशकंन्यसेत् ॥ पुच्छेज्ञेयंद्वयंप्राज्ञैश्चतुष्पादेचतुष्टयम् ॥ उदरेपञ्चधिष्ण्यानि मुखेद्वेचप्रकीर्तिते ॥ फल ॥ सौभाग्यमर्थलाभश्च स्त्रीनाशोरणभंगता ॥ नाशश्चअर्थलाभश्चफलंप्रोक्तंमनीषिभिः ॥

टीका-सूर्यनक्षत्रसे अपने जन्मनक्षत्रतक अभिजित् सहित नक्षत्र स्थापित करे इस क्रमसे स्थानोंका फल कंधेपर ३, फल सौभाग्य, पीठपर १० फल अर्थलाभ, पूंछपर २ फल स्त्रीनाश, पैरोंपर ४ फल रणभंगता, उदरपर ५ फल नाश, मुखमें २ फल अर्थलाभ, ऐसे फल पंडितोंने कहे हैं ॥

हाथी मोल लेनेका मुहूर्त्त ।

गजाकारलिखेच्चक्रं जन्मभान्तंचसूर्यभात् ॥ कर्णेशीर्षेद्विजेपुच्छे द्वयंसर्वत्रयोजयेत् ॥ शुण्डायांतुद्वयंयोज्यं वेदाःपृष्ठोदरे मुखे ॥ षड्चतुर्षुपादेषु साभिजिद्भन्यसेत्क्रमात् ॥ फल ॥ कर्णेचैवमहाँल्लाभो मस्तकेलाभएवच ॥ दन्तेचैवभवेल्लाभो पुच्छेहानिः प्रजायते ॥ शुण्डायांतुशुभंज्ञेयं पृष्ठेतुसुखसंपदः॥ उदरेरोगसंभूतिर्मुखेतुमध्यमंस्मृतम् ॥ पादयोश्चभवेल्लाभो गजेचैवंविनिर्दिशेत् ॥

टीका-प्रथम सूर्यनक्षत्रसे जन्मनक्षत्रतक स्थापित करनेका क्रम लिखा है परंतु इसके स्थानों और फलों तथा नक्षत्रोंकी संख्या भिन्न है प्रथम कानोंपर २ फल लाभ मस्तकपर २ फल लाभ दांतोंपर २ फल लाभ पूंछपर २ हानि; सूंडपर २ शुभ, पीठपर ४ सुखसंपदा, पेटपर ४ रोग, मुखपर ४ मध्यम; पावोंपर ६ लाभ ऐसे फल जानिये ॥

शिबिकारोहणचक्रमुहूर्त्त ।

सूर्यभादिनभंयावत्पञ्चपञ्चचतुर्दिशि ॥ मध्येतुसप्तदेयानिचक्रं ज्ञेयंसुखावहम् ॥ फल ॥ पूर्वभागेतुचारोग्यंदक्षिणेकष्टकारकम् ॥ पश्चिमेकुशताचैवउत्तरेव्याधिसंभवः ॥ मध्यमंचशुभं प्रोक्तमायुर्वृद्धिकरंपरम्॥पालकारोपणंचैतद्बालकस्यबुधैर्हितम्॥

टीका–सूर्यनक्षत्रसे दिवसनक्षत्रपर्यंत पालकी अथवा पालना इनमेंसे जिसपर आरोहण करना चाहे उसके चहूं ओर और मध्य भागमें लिखनेका क्रम पूर्वभागमें ५ आरोग्य, दक्षिणमें ५ कष्टकारक, पश्चिममें ५ कृशता, उत्तरमें ५ व्याधिनाश, मध्यमें ७ शुभ तथा आयुष्यवृद्धिकारक जानिये ॥

छत्रक्रम।

त्र्युत्तरारोहिणीरौद्रं पुष्यश्चशततारका ॥ धनिष्ठाश्रवणं चैव शुभानिच्छत्रधारणम् ॥ फल ॥ मूलेत्रीणिसप्तदण्डे कण्ठेचैव तुपञ्चकम्॥ मध्येवसुप्रदातव्यं शिखरेवेदएवच ॥ मूलेचजायतेनाशो दण्डेहानिर्धनक्षयः ॥ कण्ठेचराजसन्मानो मध्येछत्रपतिर्भवेत् ॥ शिखरेकीर्तिवृद्धिश्च जन्मभात्सूर्यभान्तकम् ॥

टीका–तीनों उत्तरा रोहिणी आर्द्रा पुष्य शततारका धनिष्ठा श्रवण ये नक्षत्र छत्रधारणमें शुभ हैं परंतु अपने जन्मनक्षत्रसे सूर्यनक्षत्रतक लिखनेके क्रमसे प्रथम मूलपर ३ फल जीवनाश, दंडपर ७ हानि धनक्षय, कंठपर ५ राजसन्मान, मध्यमें ८ छत्रपति, शिखरपर ४ कीर्तिवृद्धि जानिये ॥

मञ्चकचक्रम् ॥ सूर्यभाद्गणयेच्चान्द्रं मञ्चमूलेचतुश्चतुः ॥ गात्रेषुत्वेकविन्ध्यासु मध्येसप्तविनिर्दिशेत् ॥ फल ॥ मूलेतुसुखसौभाग्यं यात्रेप्रोक्तं भयंमहत् ॥ मध्येसत्पुत्रलाभाय आयुर्वृद्धिकरंपरम् ॥

टीका–सूर्यनक्षत्रसे दिवसनक्षत्र मंचकचक्रमें अंक स्थापन करनेकी रीति पहिले मुखपर १६ फल सुखप्राप्ति, मध्यगात्रपर ४ भयप्राप्ति, आगे विंध्यापर १ भय, मध्यमें ७ पुत्रलाभ और आयुकी वृद्धि होय ॥

शरसहितधनुषचक्र ॥ सूर्यभाज्जन्मभान्तंच धनुष्येवंचयोजयेत् ॥ चापाग्रेबाणसंख्याकं शराग्रेपञ्चयोजयेत् ॥ शरमूलेतथापञ्च पञ्चसंधौप्रकीर्तयेत् ॥ दण्डेचैवतुदद्याद्वे धनुषश्चक्रमुत्तमम् ॥ फल ॥ अग्रेहानिः शरेलाभः शरमूलेजयस्तथा ॥ चापसंधौतुशौर्यस्याद्दण्डेभङ्गः प्रजायते ॥

टीका–सूर्यनक्षत्रसे जन्मनक्षत्रपर्यंत धनुषपर अंक स्थापन करनेकी

रीति प्रथम अग्रपर ५ हानि, शराग्रपर ५ लाभ, शरमूलपर ५ जय, संधिपर ५ शूरता, बीचके दंडपर ५ राज्यभंग शुभफल देख धनुष धारण करे ॥

रथचक्र।

रथाकारंलिखेचक्रं सूर्यभाज्जानिभंन्यसेत् ॥ रथाग्रेत्रीणिऋक्षाणि षट्चक्रेषुततोन्यसेत् ॥ ऋक्षत्रयंमध्यदण्डे रथाग्रेभत्रयंतथा ॥ युगेच भत्रयं ज्ञेयं षट्ऋक्षाण्यान्तिमेऽश्वानि ॥ शेषमृक्षत्रयं योज्यं चक्रज्ञैःसर्वतोमुखे ॥ फल ॥ शृङ्गेमृत्युर्जयश्चक्रे सिद्धिर्ज्ञेयाचदण्डके ॥ रथाग्रेदण्डअश्वानं मध्येचैवसुखं शुभम् ॥ बुधैरेवंफलंज्ञेयं जन्मभान्तंक्रमेण च ॥ गर्गेणोक्तानि चक्राणि विज्ञेयानिसदाबुधैः ॥

टीका—रथके आकार चक्र खींचके उसके स्थानोंपर सूर्यनक्षत्रसे जन्मनक्षत्रतक लिखनेका क्रम। प्रथम शृंगोंपर ३ मृत्यु, पहियोंपर ६ जय, मध्यदंडोंपर ३ सिद्धि, रथके अग्रपर ३ धनलाभ, जुआपर ३ भंग, अंतके मार्गपर ६ शुभ और सर्वत्र ३ सुख जानिये ॥

तिलोंकी घानी करनेका मुहूर्त।

घाणाचक्रंप्रवक्ष्यामि सूर्यभाच्चांद्रमेवच ॥ त्रीणित्रीणित्रयंत्रीणित्रीणित्रीणित्रयंतथा ॥ त्रीणित्रीणितुभान्यत्र योजयेद्घाणके शुभम् ॥ फल ॥ हानिरैश्वर्यमारोग्यं विनाशोद्रव्यमेव च ॥ स्वामिघातोनिर्धनता मृत्युरेवसुखंक्रमात् ॥

ऊखोंका रस काढनेका मुहूर्त।

वेदाद्रिनेत्रभूभूतबाणहस्तरसाः क्रमात् ॥ फल ॥ प्रथमंचभवेल्लक्ष्मीर्द्वितियेहानिमेवच ॥ तृतीयेसर्वलाभं च चतुर्थेचक्षयंतथा ॥ पञ्चमेचभवेन्मृत्युःषष्ठस्थानेशुभंस्मृतम् ॥ सप्तमेचैवपीडास्यादष्टमेधनधान्यदम् ॥ सूर्यभाद्गणयेच्चान्द्रमिक्षुयन्त्रेनियोजयेत् ॥

टीका—सूर्यनक्षत्रसे जन्मनक्षत्रतक घानी चन्द्रके भाग ९ और ऊखोंके रसके घानीके भाग ८ तिनके फल नीचे लिखे हैं ॥

थाना				छत्रोंका रस.	
६	प्रथमभाग	हानि	४	प्रथमभाग	लक्ष्मी
३	भाग	ऐश्वर्य	२	भाग	हानि
३	भाग	आरोग्य	२	भाग	सर्वलाभ
३	भाग	नाश	१	भाग	क्षय
३	भाग	[illegible]	५	भाग	मृत्यु
३	भाग	स्वामिघात	५	भाग	शुभ
३	भाग	निर्धन	२	भाग	पीडा
३	भाग	मृत्यु	६	भाग	धनक्षय

३ भाग सुख इनमेंसे जिस दिन शुभ फल आवे उस दिन काढे ॥

कृषिकर्मका मुहूर्त।

स्वातीब्राह्मयमृगोत्तरादितियुगे राधाचतुष्कंमघा ।
रेवत्युत्तरविष्णुभंकृषिविधौ क्षेत्रादिवापेविधौ ॥
गोकन्याझषमन्मथाश्चशुभदा वाराः कुजार्कीतरं ।
षष्ठीद्वादशिरिक्तपर्वसु तथा वर्ज्यं द्वितीयाद्वयम् ॥

टीका-स्वाती रोहिणी मृग उत्तरा पुनर्वसु पुष्य अनुराधा ज्येष्ठा मूल पूर्वाषाढा मघा उत्तराफाल्गुनी श्रवण ये नक्षत्र और वृष कन्या मकर मिथुन ये लग्न शुभ हैं मंगल शनि और षष्ठी द्वादशी तथा रिक्ता दोनों पर्वणी अर्थात् १५ । ३० और दोनों द्वितीया इनको छोडके कृषिकर्मका आरंभ और बीजादिकोंका वपन करावे ॥

हलचक्र।

त्रिकंत्रिकंत्रिकंपञ्च त्रिकंपञ्चत्रिकंत्रिकम् ॥
सूर्यभाद्गणयेच्चान्द्रमशुभंचशुभंक्रमात् ॥

टीका-प्रथम हल धारण करनेका मुहूर्त सूर्यनक्षत्रसे दिवसनक्षत्रपर्यंत गिने तिनके भाग ८ तिनका क्रम प्रथम ३ फल अशुभ द्वितीय भाग २ शुभ

तृतीय भाग ३ अशुभ चतुर्थ ५ शुभ पंचम ३ अशुभ षष्ठ ५ शुभ सप्तम ३ अशुभ अष्टम २ नक्षत्र शुभ जिस नक्षत्रके भागमें दिवसनक्षत्र आवे उस दिन धारण करे ॥

नौका बनाने वा जलमें उतारनेका मुहूर्त ।

पौष्णादितिस्तुरगवारुणामित्रचित्रशीतोष्णराश्मिवसुजीवकभान्यमूनि ॥ वारेचजीवभृगुनंदनकोप्रशस्तो नौकादिसंघटनवाहनमेषुकुर्यात् ॥

टीका—रेवती पुनर्वसु अश्विनी आश्लेषा शततारका अनुराधा चित्रा मृग हस्त धनिष्ठा पुष्य ये नक्षत्र और गुरु शुक्र ये वार शुभ है इनमें नौका बनवाना वा जलमें उतारना उत्तम है ॥

नौकाचक्र ।

रविभुक्तर्क्षमारभ्य कुर्यात्त्रीण्युदयेचषट् ॥ नाल्यांत्रीणिहृदि त्रीणिपृष्ठेभूःपार्श्वगंत्रयम् शुक्काणेत्रीणिषण्मध्ये नौकाचक्रे भसंस्थितिः ॥ उपरिस्थंचमध्यस्थं षट्श्रेष्ठंचपरंनसत् ॥

टीका—सूर्यनक्षत्रसे दिननक्षत्र लिखनेका क्रम ऊपरके भागमें ६ नाडीमें ३ हृदयपर ३ पीठपर १ पार्श्वमें २ शुक्काणमें ३ नौकाके मध्यभागमें ६ दीजिये तिन तिनमेंसे ऊपर और मध्यके नक्षत्र शुभ और अन्य स्थानोंके अशुभ जानिये ॥

लग्न और ग्रहबल ।

त्रिषडायगतःसूर्यश्चन्द्रोद्वित्र्यायगःशुभः ॥ कुजार्कीत्रिषडायस्थो त्रिषट्खेतरगोगुरुः ॥ द्विसुतास्तत्राष्टरिःफायरिपुसंस्थो बुधः स्मृतः ॥ सुखान्त्यारीन्विनायत्र नौयानेशुभदः सितः ॥

टीका—नौकामें माल भरने अथवा चलानेकी लग्नका ग्रहबलदान द्वितीय षष्ठ एकादश इन स्थानोंमें सूर्य अथवा चंद्रमा मंगल शनि ये होंय तो शुभ और ३।६।१० इन स्थानोंको छोडकर अन्यस्थानोंमें गुरु शुभ २।५।

७।८।१२।६ इन स्थानोंमें बुध होय तो शुभ ७।१२।६ इन स्थानोंमें छोड अन्यस्थानका बुध शुभ जानिये ॥

नौकास्थानके ग्रह।

नाल्यांपापखगाःसौम्याःशुक्काणेशुभकारकाः॥ व्यस्तामृत्युकराः क्रूराःपृष्ठेकूपेचभीतिकृत्॥ अन्तेबाह्येस्थितास्तचेह्लाभायस्मृताबुधैः ॥ एवंविचार्यदैवज्ञो नौयानसमयंवदेत् ॥

टीका—लग्नकुंडलीमें जो २ ग्रह जिस २ स्थानमें पडा होय तिसका फल नालिमें पाप ग्रह शुभ शुक्काणपर शुभ ग्रह शुभ ये विपरीत होंय तो अशुभ क्रूर ग्रह पीठपर वा कूपपर आवे तो भयदायक और इन ग्रहोंमेंसे बाहर २ जावे तो लाभ होय यह विचारके ज्योतिषी बतावे ॥

दीपिकाचक्र।

दीपिकायांमुखेपञ्च राजसन्मानलाभदः ॥ कण्ठेनवधनप्राप्तिर्मध्येऽष्टौस्वामिमृत्युदाः ॥ दण्डेपञ्चभवेद्राज्यं अग्निऋक्षाच्चदीपिकाम् ॥

टीका—कृत्तिकानक्षत्रसे दिवसनक्षत्रपर्यंत लिखनेका क्रम मुखपर ५ लाभ राजसन्मान, कंठपर ९ धनप्राप्ति, मध्यमें ८ स्वामिमृत्यु, दंडपर ५ राजप्राप्ति इस रीतिसे नक्षत्रक्रम जानिये ॥

कूपचक्र।

कूपवाप्यास्तुचक्रंवैविज्ञेयंविबुधैः शुभम् ॥ रोहिणीगर्भमेतस्यात्रित्रिऋक्षाणिचन्द्रभम् ॥ मध्येपूर्वेतथाग्नेये याम्येचैवतुनैऋते॥ पश्चिमेचैववायव्यां सौम्येशूलिदिशिक्रमात् ॥ फल ॥ शीघ्रं जलंनजलंमध्यमजलमजलंबहुजलंच ॥ अमृतजलंबहुक्षारं सजलंमध्यजलंक्रमाज्ज्ञेयम् ॥ मत्स्येकुलीरेमकरे बहुजलंतथैवचार्धं वृषभकुम्भयोश्च ॥ अलीचतोलीचजलाल्पता मता शेषाश्चसर्वेजलदाःप्रकीर्तिताः ॥

टीका--नवीन कूप और वापी खोदनका मुहूर्त रोहिणीसे वर्तमानदिवसके नक्षत्रपर्यंतका क्रम मीन कर्क मकर इन तीन राशियोंका चंद्रमा होय तौ बहुत जल निकले, वृष कुंभ इनका चंद्रमा होय तो उसका आधा जल रहे वृश्चिक तुल इनका चंद्रमा हो तो अल्पजल रहे, शेष राशियोंके चंद्रमामें खोदे तो जल नहीं निकले यह बात सिद्ध है ॥

बाग लगानेका मुहूर्त।

गोसिंहालिगतेंशुचान्तरगते भानौबुधादित्रये चन्द्रार्के च शुभावुधैरभिहितारामप्रतिष्ठाक्रियाः ॥ आश्लेषाभरणीद्वयं शतभिषक् त्यक्त्वाविशाखांकुहूं रिक्तापक्षातिमष्टमींपरिहरेत्षष्ठीमपिद्वादशीम् ॥

टीका--उत्तरायणमें वृष अथवा सिंह वृश्चिक इन राशियोंका सूर्य और बुध गुरु शुक्र चंद्र रवि इनमें कोई वार होय ऐसा शुभ दिन देखकर नवीन बाग लगावे और आश्लेषा भरणी कृत्तिका शततारका विशाखा और अमावास्या रिक्ता तिथि द्वितीया अष्टमी षष्ठी द्वादशी इन सबोंको छोडकर अन्य दिनोंमें बाग लगावे ॥

सिक्का ढालनेका मुहूर्त्त ।

मृदुध्रुवाक्षिप्रचरेषुभेषु योगेप्रशस्तेशनिचन्द्रवर्ज्यम् ॥
वारेतथापूर्णजलाह्वयेचमुद्राप्रशस्ताशुभदाहिराज्ञाम् ॥

टीका—मृदु ध्रुव क्षिप्र चर ये नक्षत्र शुभ और शनि चंद्र ये वार वर्जित हैं॥

अथ प्रश्नप्रकरण ।

तिथ्यादिप्रयुक्तप्रश्न ।

तिथिःप्रहरसंयुक्ता तारकावारमिश्रिता ॥ अग्निभिस्तुहरेद्भागं शेषंसत्त्वंरजस्तमः ॥ फल ॥ सिद्धिस्तात्कालिके सत्वे रजसातुविलम्बिता ॥ तमसानिष्फलंकार्यं ज्ञातव्यंप्रश्नकोविदैः॥

टीका—जिस तिथि वार नक्षत्र और प्रहरमें प्रश्न करे तिसका उत्तर नीचे लिखते हैं। उदाहरण—तिथि ५ वार ३ नक्षत्र ७ प्रहर २ इन सबको जोडा तो हुए १७ इसमें ३ का भाग दिया तो भोग्य १५ शेष २ जिसका नाम दूसरा रज तिसका फल कार्यमें विलंब इस प्रमाणसे ३ बचें तो तम निष्फल १ बचे तो सत्व फल कार्यसिद्धि होय ॥

अपनी छायासे प्रश्न ।

आत्मच्छायात्रिगुणितात्रयोदशसमन्विता ॥ वसुभिश्चहरेद्भागं शेषंचैवशुभाशुभम् ॥ फल॥लाभश्चैकेत्रिकेसिद्धिर्वृद्धिःपंचमसप्तके ॥ द्वयोर्हानिश्चतुः शोकं षष्ठाष्टेमरणंध्रुवम् ॥

टीका—अपनी छायाको तिगुणी करके उसमें १३ मिलावे फिर आठका भाग दे बचे वह फल जानिये ॥

शेष १	शेष २	शेष ३	शेष ४	शेष ५	शेष ६	शेष ७	शेष ८
लाभ	हानि	सिद्धि	शोक	वृद्धि	मरण	वृद्धि	मरण

अथ पन्थाप्रश्न ।

तिथिःप्रहरसंयुक्ता तारकावारमिश्रिता॥ सप्तभिश्चहरेद्भागं शेषं तुफलमादिशेत् ॥ वर्तमानंचनक्षत्रं गणयेत्कृत्तिकादितः ॥सप्त

भिश्रहरेद्भागं शेषंप्रश्नस्यलक्षणम् ॥ प्रश्नाक्षरंरुद्रयुक्तं सप्तभि-भाजितंतथा ॥ फलमेवंक्रमाज्ज्ञेयं सर्वेषांहिशुभाशुभम् ॥

टीका–तिथि प्रहर वार नक्षत्र इन सबको इकट्ठा करके सातका भाग दे शेष बचे तो फल जानिये ॥ दूसरा प्रकार–कृत्तिकासे वर्तमान नक्षत्रतक गिनके सातका भागदे ॥ तीसरा प्रकार–प्रश्नके अक्षरोंमें ११ मिलाके सातका भाग दे शेष बचेते फल जानिये ॥

फल–एकशेषेतथास्थाने द्वितीयेपाथिवर्तते ॥ तृतीयेप्यर्द्धमार्गेतु चतुर्थेग्राममादिशेत् ॥ पञ्चमेपुनरावृत्तिः षष्ठेव्याधियुतं वदेत् ॥ शून्यंज्ञेयंसप्तमेवै चैतत्प्रश्नस्यलक्षणम् ॥

टीका–१ शेष रहे तो स्थानहीमें जानिये, २ रहे तो मार्गमें ३ बचें तो अर्धमार्गमें, ४ बचें ग्राममें आया जानिये ५ बचें तो मार्गसे लौट गया कहिये ६ बचें तो रोगग्रस्त, ७ बचें तो शून्य अर्थात् मरण जानिये ॥

दूसरा प्रकार ।

घनसहजगतोसितामरेज्योकथयतआगमनंप्रवासिपुंसाम् ॥
तनुहिशुक्रगताविशेषतद्रुझटितिनृणांकुरुतो गृहप्रवेशम् ॥

टीका–द्वितीयस्थानमें शुक्र तृतीयस्थानमें गुरु अथवा प्रश्नलग्नमें शुक्र चतुर्थ स्थानमें गुरु ऐसा योग होय तो परदेशी घरमें शीघ्रही आया जानिये ॥

कार्याकार्यप्रश्न ।

दिशाप्रहरसंयुक्ता तारकावारमिश्रिता ॥ अष्टाभिस्तुहरेद्भागं शेषंप्रश्नस्यलक्षणम् ॥ फल ॥ पञ्चैकेत्वरितासिद्धिः षट्तुर्ये चदिनत्रयम् ॥ त्रिसप्तकेविलम्बश्च द्वौचाष्टौनचसिद्धिदौ ॥

टीका–पृच्छकका मुख जिस दिशाको हो वह दिशा और प्रहर वार नक्षत्र इनको एकत्र करके आठका भाग दे शेष बचे तिनमें फल जानिये १ वा ५ शेष बचें तो शीघ्र कार्यसिद्धि जानिये, ६ ।४ बचें तो तीन दिनमें कार्यसिद्धि ३ । ७ बचें तो विलंबसे १ । ८ बचें तो कार्य नहीं होय ॥

अंकप्रश्न॥अङ्कंद्विगुणितंकृत्वा फलनामाक्षरैर्युतम्॥ त्रयोदशयुतंकृत्वा नवभिर्भागमाहरेत्॥फल॥ एकेहिधनवृद्धिश्च द्वितीयेचधनक्षयः ॥ तृतीयेक्षेममारोग्यं चतुर्थेव्याधिरेवहि॥ स्त्रीलाभः पञ्चशेषेस्यात्षष्ठे बन्धुविनाशनम् ॥ सप्तमेईप्सितासिद्धिरष्टमेमरणंध्रुवम् ॥ नवमेराज्यसंप्राप्तिर्गर्गस्यवचनंतथा ॥

टीका-जितने अंकका नाम होय उनको दूना कर फल और नामके अक्षरोंको मिलावे फिर १३ जोड नवका भाग दे शेष बचे तिसका फल १ धनवृद्धि, २ धनक्षय, ३ आरोग्य, ४ व्याधि, ५ स्त्रीलाभ, ६ बंधुनाश, ७ कार्यसिद्धि, ८ मरण, ९ राज्यप्राप्ति, यह गर्गमुनिका वचन है ॥

नवग्रहात्मकंयन्त्रं कृत्वाप्रश्नंनिरीक्षयेत् ॥
फलंपूर्वोक्तमेवात्र द्रष्टव्यंप्रश्नकोविदैः ॥

४	३	८
९	५	१
२	७	६

टीका-नवग्रहात्मकयंत्र बनाके उसमें अवलोकन करे जो अंक आवे उसका फल पूर्वोक्त प्रकारसे जानिये ॥

दूसरामत॥सप्तत्रयाङ्केकथयन्तिवार्ता नवैकपञ्चत्वरितंवदन्ति ॥
अष्टौद्वितीये नहिकार्यसिद्धी रसाश्चवेदा घटिकात्रयंच ॥

टीका-पूर्व जो अंक कहे हैं तिनके प्रमाणसे कृत्य करे परंतु फल भिन्न हैं शेष ७। ३ रहे तो वार्त्ता करना जानिये जो ९। १। ५ बचें तो शीघ्रकार्य होय २। ८ बचें तो कार्य नहीं होय ६। ४ बचें तो तीन घडीमें कार्य होय

वारनक्षत्रयुक्त पन्था प्रश्न।

बुधेचन्द्रेतथामार्गे समीपेगुरुशुक्रयोः ॥ रवौभौमेतथादूरे शनौचपरिपीड्यते ॥ निर्जीवःसप्तऋक्षाणि सजीवोद्वादशेभवेत् ॥ व्याधितोनवऋक्षाणि सूर्यधिष्ण्यात्तुचान्द्रभम् ॥

टीका-बुध अथवा सोमवारको प्रश्न करे तो मार्गमें चलता हुआ जानिये और गुरु तथा शुक्रको प्रश्न करे ता समीप आया जानिये रवि तथा भौमको दूर जानिये और शनिको पीडायुक्त जानिये, सूर्यनक्षत्रसे चंद्रनक्षत्रपर्यंत लिखनेका क्रम प्रथम ७ नक्षत्रपर्यंत चंद्रमा आवे तो निर्जीव, द्वितीय १२ नक्षत्र-

तक चंद्रमा आवे तो जीवता जानिये, तृतीय नव नक्षत्रपर्यंत चंद्र आवे तो रोगकी उत्पत्ति जानिये इस भांति प्रश्न समुझ लीजिये ॥

नष्टवस्तुप्रश्न ।

तिथिवारंचनक्षत्रं लग्नंवाह्निविमिश्रितम् ॥ पञ्चभिस्तुहरेद्भागं शेषं तत्त्वंविनिर्दिशेत् ॥ फल ॥ पृथिव्यांतुस्थिरंज्ञेयं अप्सु व्योम्नि न लभ्यते ॥ तेजस्तुराजसंज्ञेयं वायौशोकंविनिर्दिशेत् ॥

टीका—प्रश्न तिथि वार नक्षत्र लग्न इनमें तीन मिलाके ५ का भाग दे शेष १ बचे तो पृथ्वीमें, २ बचें तो जलमें, पर मिले नहीं ३ बचें तो आकाशमें यहभी मिले नहीं, ४ बचें तो तेजमें वह राजमें गई जानिये, ५ बचें तो वायु इसमें शोक जानिये ॥

गर्भिणीप्रश्न ।

तत्पृच्छलग्नेरविजीवभौमे तृतीयसप्तेनवपञ्चमेच ॥
गर्भःपुमान्वै ऋषिभिः प्रणीतश्चान्यग्रहेस्त्रीविबुधैः प्रणीता ॥

टीका—गर्भिणी जिस लग्नमें प्रश्न कहे, उस लग्नसे प्रश्न कहे लग्नके तृतीय अथवा सप्तम नवम पंचम स्थानमें रवि भौम गुरु ये ग्रह स्थित होंय तो पुत्र इन्हीं और स्थानोंमें अन्य ग्रह पडे होंय तो कन्या होय ॥

मुष्टिप्रश्न ॥ मेषेरक्तंवृषेपीतं मिथुनेनीलवर्णकम् ॥ कर्केचपाण्डुरं ज्ञेयं सिंहेधूम्रंप्रकीर्तितम् ॥ कन्यायांनीलमिश्रंतु तुलायांपीतामिश्रितम् ॥ वृश्चिकेताम्रमिश्रंच चापेपीतंविनीश्रितम् ॥ नक्रे कुम्भेकृष्णवर्णं मीनेपीतंवदेत्सुधीः ॥

टीका—मेष लग्न होय तो प्रश्नकर्ताकी मुष्टिमें लाल रंगकी वस्तु है और वृष होय तो पीत, मिथुन होय तो नील, कर्क पांडुर, सिंह धूमिली, कन्या नीलमिश्रित, वृश्चिक ताम्रमिश्रित, धन पीतमिश्रित, मकर और कुंभ लोहमय अर्थात् काली, मीन पीतवर्ण वस्तु होय ॥

लग्नसे मनाचिन्तित प्रश्न कहना ।

मेषेचाद्विपदांचिन्ता वृषेचिन्ताचतुष्पदः ॥ मिथुनेगर्भाचिन्ताच

व्यवसायस्यकर्कटे ॥ सिंहेच जीवचिन्तास्यात्कन्यायांचस्त्रियास्तथा ॥ तुलेचधनचिन्ताचव्याधिचिंताचवृश्चिके ॥ चापेचधनचिन्तास्यान्मकरे शत्रुचिन्तनम् ॥ कुम्भेस्थानस्यचिन्ता स्यान्मीने चिंताचदैविकी ॥

टीका—मेषलग्नमें प्रश्न करे तो मनुष्यकी चिंता कहिये, वृषमें गाय भैंसकी मिथुनमें गर्भकी, कर्कमें व्यापारकी, सिंहमें जीवकी, कन्यामें स्त्रीकी, तुलामें धनकी, वृश्चिकमें रोगकी, धनमें धनकी, मकरमें शत्रुकी, कुंभमें स्थानकी मीनमें भूतपिशाचादि बाहरी बाधाकी चिंता है ॥

संज्ञाके अनुसार लग्नोंके नाम।

धातुमूलंजीवश्चरास्थिरद्विस्वभावाश्च ॥
मेषादयःक्रमेणैवज्ञातव्याः प्रश्नकोविदैः ॥

टीका—मेषादिक्रमसे लग्नोंकी दो दो संज्ञा कहते हैं धातु चरसे मेषलग्नकी संज्ञा, मूल स्थिर वृषकी, जीव द्विस्वभाव मिथुनकी, धातु चर कर्ककी मूल स्थिर सिंहकी, जीव द्विस्वभाव कन्याकी, धातु चर तुलाकी, मूल स्थिर वृश्चिककी, जीव द्विस्वभाव धनकी, धातु चर मकरकी, मूल स्थिर कुंभकी, जीव द्विस्वभाव मीनकी इस प्रकार बारह लग्नोंकी संज्ञा जानिये ॥

अंकप्रश्न ।

अष्टोत्तरशताङ्केषु प्राश्निकोन्यूनमाचरेत् ॥ शेषंद्वादशभिर्भक्तं शेषंचैवशुभाशुभम् ॥ फल ॥ एवंदुर्गासप्तकेवैविलम्बश्चाङ्केतुर्येदिक्षुभूतेषुनाशः ॥ रुद्रेसिद्धिर्युग्मेवृद्धिरत्ताशीघ्रं कार्यं स्यात्त्रिषट्द्वादशेषु ॥

टीका—पृच्छकके कहे एक सौ आठ अंकोंमेंसे एक अंकका नाम लिखावे और उसमें बारहका भाग दे शेष बचें तिसके फल कहिये १ । ७ । ९ बचें तो देरमें काम हो, ८ । ४ । १० । ५ बचें तो नाश, ११ सिद्धि, २ वृद्धि ६ । ० बचे तो शीघ्र प्रश्नकार्य होय ऐसा जानिये ॥

रोगप्रश्न ।

तिथिवारंचनक्षत्रं लग्नंप्रहरएवच ॥ अष्टभिस्तुहरेद्भागं शेषंतु फलमादिशेत् ॥ फल ॥ द्वयाग्रोदेवताबाधा पैत्रीवेनेत्रदन्तिषु ॥ षट्चतुर्षुभूतबाधा नबाधाएकपञ्चके ॥

टीका–तिथि वार नक्षत्र और प्रहर लग्न इन सबको एकत्र करके ८ का भाग दे शेष बचें तो तिससे फल कहिये ७ अथवा ३ बचें तो देवताकी बाधा २ । ८ पितरोंकी ६ । ४ भूतकी १।५ बचें तो बाधा नहीं जानिये॥

केवल लग्नसे प्रश्न ।

मेषेचदेवीदोषःस्याद्वृषेदोषश्चपैतृकः॥मिथुनेशाकिनीदोषःकर्कटेभूतदोषकः ॥ सिंहेसहोदराणांवै कन्यायांकुलमातृजः ॥ तुलेदोषश्चंडिकाया नाडीशेषोहिवृश्चिके॥चापेचयक्षिणीपीडा मकरेग्रामदेवतात् ॥ अपुत्राहष्टिजःकुम्भेमीनेआकाशगामिनः ॥

टीका–जिस लग्नमें रोगी प्रश्न करे तिसका उत्तर मेष लग्नमें देवीका दोष, वृषमें पितृदोष, मिथुनमें शाकिनी, कर्कमें भूत, सिंहमें भाइयोंका, कन्यामें कुलदेवता, तुलामें चंडिकाका, वृश्चिकमें नाडीदोष, धनमें यक्षिणी, मकरमें ग्रामदेवताका, कुंभमें अपुत्रा स्त्रीकी दृष्टिका, मीनमें आकाशगामियोंका दोष ऐसे प्रश्न बतावै॥

मेघका प्रश्न ।

आषाढस्यासितेपक्षे दशम्यादिदिनत्रये॥ रोहिणीकालमाख्यातिसुखदुर्भिक्षलक्षणम् ॥ रात्रावेवनिरभ्रंस्यात्प्रभाते मेघडम्बरम् ॥ मध्याह्नेजलबिन्दुः स्यात्तदादुर्भिक्षकारणम् ॥

टीका–आषाढ कृष्णपक्षकी दशमी किंवा एकादशी द्वादशी इन तीनों दिवसोंमें रोहिणी नक्षत्र आवे तो सुभिक्ष मध्यम दुर्भिक्ष ये तीन फल तिथि क्रमसे जानिये और रात्रि मेघरहित होय प्रातःकाल मेघ गर्जे मध्याह्नमें बूंद पडें ऐसे लक्षण जिस संवत्सरके होंय उसमें महर्घता जानिये ॥

जललग्न ।

कुम्भःकर्कवृषोमीनमकरोवृश्चिकस्तुला॥जललग्नानिचोक्तानि लग्नेष्वेतेषुसूर्यभम्॥ लग्नत्येवसदावृष्टिर्ज्ञातव्यागणकोत्तमैः ॥

टीका-कुंभ कर्क वृष मीन मकर वृश्चिक तुला ये ७ जललग्न हैं इनमें जो सूर्यनक्षत्र मिले तो वर्षा जानिये ॥

मेघनक्षत्र ।

अश्विनीमृगपुष्येषु पूषविष्णुमघासुच ॥
स्वात्यांप्रविशतेभानुर्वर्षतेनात्रसंशयः ॥

टीका-अश्विनी मृगशिर पुष्य रेवती श्रवण मघा स्वाती इन नक्षत्रोंमें सूर्य प्रवेश करे तो वृष्टि अधिक होय ॥

स्त्रीनपुंसकपुरुषनक्षत्र ।

आर्द्रादिदशकंस्त्रीणां विशाखात्रिनपुंसकम् ॥ मूलाच्चतुर्दशं पुंसां नक्षत्राणिक्रमाद्बुधैः ॥ वायुनर्पुसकेभेच स्त्रीणांभेचाभ्र-दर्शनम् ॥ स्त्रीणांपुरुषसंयोगे वृष्टिर्भवतिनिश्चितम् ॥

टीका-आर्द्रा आदि स्वातिपर्यंत १० नक्षत्र स्त्रीसंज्ञक हैं और विशाखादि ज्येष्ठांत ३ नपुंसक मूल आदि मृगपर्यंत १४ पुरुषनक्षत्र हैं नपुंसक नक्षत्रमें स्त्रीनक्षत्र आवें तो वायु चले और दोनों स्त्री नक्षत्र आवें तो मेघद-र्शन होय जो स्त्रीपुरुष नक्षत्रोंका योग होय तो निश्चयकरि वर्षा होय ॥

सूर्य तथा चंद्रनक्षत्रकी संज्ञा ।

अश्विन्यादित्रयंचैव आर्द्रादेःपञ्चकंतथा ॥ पूर्वाषाढादिचत्वारि चोत्तरारेवतीद्वयम् ॥उक्तानिशशिभान्यत्र प्रोच्यन्तेसूर्यभान्य-थ ॥ रोहिणीचमृगश्चैव पूर्वाफल्गुनिकातथा ॥ सूर्येसूर्यैभवेद्वा-युश्चन्द्रे चन्द्रेनवर्षति॥चान्द्रसूर्यौभवेद्योगस्तदावर्षतिमेघराट्॥

टीका-अश्विनी भरणी कृत्तिका आर्द्रा पुनर्वसु पुष्य आश्लेषा मघा पूर्वाषाढा उत्तराषाढा श्रवण धनिष्ठा उत्तरा रेवती ये चंद्रनक्षत्र और शेष सूर्यनक्षत्र जानिये ॥ फल ॥ दिवसनक्षत्र और महानक्षत्र ये दोनों जो सूर्यके हों तो वायु चले और दोनों चंद्रके होंय तो मेघ नहीं वर्षे जो चंद्र और सूर्यनक्षत्रका योग होय तो वर्षा अच्छी होय ॥

धान्यप्रश्न ।

कापायेजयशर्मलाभकुगिरो मित्राणिसर्वंशुभं गोरायेप्रियसुध नानिलपरे लाभारिनाशादिकम्॥ रय्याङ्ककलहःश्रियश्चबलगे स्थानानिमित्रागमौ रोरोरांविपदःपराङ्गकलहःखालेयशोकावहः॥

टीका—सत्ताईस दाने धान्यके लेकर एक राशि करे उसी राशिमेंसे एक चुटकी भर निकालकर रखे ऐसे तीनि राशि करे उसमेंसे तीन २ दाने जुदे जुदे करता जाय जो तीन राशियोंमेंसे एक २ बचे तो जय और लाभ होय १ का कहिये १ पा कहिये १ ये कहिये ३ ऐसी तीन राशियोंसे पृथक् २ एक २ बचे उसका फल जय और लाभ ॥

२ कु क०	१ गी क०	३ रो क० २ मित्रादिसर्वसिद्धि
३ गो क०	३ रा २ ये	१ प्रियभोग धन प्राप्ति
४ ल ३ प	१ रे ३	लाभ और पुत्रका नाश
५ र २ प	१ ग ३	कलह होय
६ व ३ ल	३ ग ३	लक्ष्मी और मित्रलाभ
७ रो २ रो	२ रां २	विपत्ति प्राप्ति
८ प १ रां	२ ग ३	कलह
९ ख २ लां	३ य १	शोकप्राप्ति । ऐसे ३ वार करनेसे बुरा

भला फल जानिये और राशिकी गणनाके समय तीन २ दाने गिने ॥

पशुके विषयमें प्रश्न ।

द्युमणिभान्नवभेषुवनेपशुस्तदनुषट्सुचकर्णपथेस्थितम्॥ अचलभेषुगतं गृहमागतं द्वयगतं गतमेव मृतंत्रिषु ॥

टीका—जो सूर्यनक्षत्रसे वर्तमान नक्षत्र नवम होय तो पशु वनमें जानिये और जो ६ नक्षत्रांत आवे तो मार्गमें जानिये तिसके आगे ७ नक्षत्रांत आवे तो घरमें आया जानिये तिस पीछे २ नक्षत्रांत आवे तो आवनहार नहीं तिसके आगे ३ नक्षत्रांत आवे तो मृत्यु पावे ऐसा जानिये ॥

राज्यभंगादियोग ।

यदिभवतिकदाचिच्चाश्विनीनष्टचन्द्रा शशिरविकुजवारे स्वातिरायुष्मयोगे ॥ गगनचरपशूनां जङ्गमस्थावराणां नृपतिजनविनाशो राज्यभङ्गस्तुचोक्तः ॥

टीका—कदाचित् शनि रवि भौम इनमें किसी वारसे युक्त अमावास्याको अश्विनी वा स्वाती नक्षत्र आयुष्मान् योग पडे तो पक्षी पशु जंगम स्थावर व राजा व जन इनका नाश और राज्यभंग होय ॥

सूर्य तथा चन्द्रक परिवेष अर्थात् मंडलका फल ।

रविशशिपरिवेषे पूर्वयामेचपीडा रविशशिपरिवेषे मध्ययामेच वृष्टिः ॥ रविशशिपरिवेषे धान्यनाशस्तृतीये रविशशिपरिवेषे राज्यभङ्गश्चतुर्थे ॥

टीका—रविका अथवा चंद्रका मंडल जो प्रथम प्रहरमें हो तो जनोंको पीडा होय, दूसरे प्रहरमें होय तो मेघ वर्षे, तीसरे प्रहरमें धान्यका नाश, चौथे प्रहरमें राज्यभंग होय ॥

उत्पातोंका फल ।

रात्रौधनुर्दिनेउल्का ताराचैवदिनेतथा ॥ रात्रौतुधूमकेतुश्च भूकम्पश्चतथैवहि ॥ एतानिदुष्टचिह्नानि देशक्षयकराणिच ॥

टीका—रात्रिमें धनुष दिनमें उल्का तथा नक्षत्रपात और रात्रिमें धूमकेतुका उदय तथा भूमिकंप ऐसे चिह्न होंय तो देशक्षयकारक जानिये ॥

अथ छायाबलयात्रा ।

शनौसप्तपादः कवौषोडशस्यू रवौभौमके रुद्रसंख्याविधेया ॥ निशेशेवघेष्टेशसंख्याविधेया गुरावग्निभूसंख्यछायाविधेया ॥ नलत्तानपातं व्यतीपातघातं नभद्रानसंक्रान्तिशूलंतथाच ॥ नरोयातिसंशोध्य छायायदाहि तदाकार्य्यसिद्धिस्त्ववश्यंभवेत्तु ॥ स्वच्छायात्रिगुणाविश्वयुताभाज्याष्टभिःफलम् ॥ लाभोऽ१ थे २

हानी ३ रुग् ४ वृद्धि ५ भयं ६ सिद्धि ७ मृतिः ८ क्रमात् ॥

टीका-शनिवारको ७ पाँवकी छाया शुक्रवारको १६ पांवकी छाया रविवार तथा मंगलमें ११ पावकी छाया विधान करी है चन्द्रमाको ८ और बुधवारको ११ संख्या विधान करी है गुरुको १३ संख्या विधान करी हैं इस छायाबलमें जो यात्रा करते हैं उनको उत्तापात व्यतीपात भद्राघात संक्रांति दिशाशूल नहीं फल देता अपनी छायाके साधन करनेमें मनुष्यकें कार्यसिद्धि अवश्य होती है पुनः अपनी छायाको तीन गुणा कर फिर १३ युक्त करे ८ का भाग देय जो १ बचे तौ लाभ, २ बचें तौ लक्ष्मीप्राप्ति, ३ बचें तौ हानि, ४ बचें तौ रोग, ५ बचें तो वृद्धि, ६ बचें तो भय, ७ बचें तौ सिद्धि, ८ बचें तौ मृत्यु इस क्रम करनेसे यथावत् फल देती है सो यात्रामें विचार लेना चाहिये ॥

अथ वायुपरीक्षाकथनम् ।

आषाढमासस्यचपूर्णिमास्यां सूर्यास्तकालेयदिवातिवातः ॥
पूर्वस्तदासस्ययुताचमेदिनी नन्दन्तिलोकाजलदायिनोघनाः ॥

टीका-जो आषाढमासमें पूर्णिमाके दिन सूर्यास्त कालमें पवन पूर्व दिशाकी हो तो पृथ्वी धान्ययुक्त लोक सुखी मेघकी वृष्टि करे ऐसा फल जानना ॥

कृशानुवातेमरणंप्रजानामन्नस्यनाशः खलुवृष्टिनाशः ॥
याम्येमहीसस्यविवर्जितास्यात्परस्परंयान्तिनृपाविनाशम् ॥

टीका-अग्निकोणकी वायु चले तो प्रजाका मरण अन्नका नाश और वर्षाका नाश होय. दक्षिण दिशाकी पवन होय तौ पृथ्वी धान्य करके वर्जित होय और परस्पर राजाओंका विनाश होय यह फल दक्षिणदिशाका जानना ॥

नैशाचरो वारि यदात्र वातो न वारिदोषक्षतिकारिभूरि ॥
तदामहीसस्यविवर्जितास्यात्कन्दन्तिलोकाः क्षुधयाप्रपीडिताः ॥

टीका-नैर्ऋत कोणकी जो पवन होय तौ थोडी वर्षा होय और पृथ्वी धान्य करके वर्जित क्षुधा करके रोगी और पीडित लोग रुदन करें ॥

आषाढमासेयदिपौर्णिमास्यां सूर्यास्तकालेयदिवारुणेनिलः ॥
प्रवातिनित्यंसुखिनःप्रजाःस्युर्जलान्नयुक्तावसुधातदास्यात् ॥

टीका—आषाढमासमें पूर्णिमाके दिन जो सूर्यास्त कालमें पश्चिम दिशाकी पवन होय तो प्रजा सुखी रहे और पृथ्वी जल अन्न करके पूरित होय ऐसा पश्चिम दिशाका फल जानना ॥

वायव्यवातेजलदागमः स्यादन्नस्यनाशः पवनोद्धताद्यौः ॥
सौम्येऽनिलेधन्यजलाकुलाधरानन्दन्तिलोकाभयदुःखवर्जिताः ॥

टीका—जो वायव्य कोणकी पवन होय तो जलका आगमन अन्नका नाश और पृथ्वी प्रचंड पवन करके युक्त उत्तर दिशाकी पवन होय तो श्रेष्ठ वर्षा और धनधान्य करके पृथ्वी युक्त लोक सुखी भय दुःख करके वर्जित ऐसा कहना चाहिये ॥

ईशानवृष्टिर्बहुवारिपूरिता धराचगावोबहुदुग्धसंयुताः ॥
भवन्ति वृक्षाः फलपुष्पदाथिनोवातेभिनन्दन्तिनृपाः परस्परम् ॥

टीका—जो ईशान कोणकी पवन चले तो पृथ्वी जलसे पूरित होय और गौ दुग्ध करके पूरित और वृक्ष फल पुष्पोंसे युक्त और राजोंकी परस्पर मैत्री होय ऐसा ईशान दिशाका फल जानना चाहिये ॥

वर्ष निकलनेका प्रकार ।

गताब्दवृन्देर्भुविखाभ्रचन्द्रैर्निघ्नेनभोव्योमगजैः सुभक्ता ॥
त्रिधाफलं वारघटीपलानि स्वजन्मवाराद्दियुतानिइष्टम् ॥

टीका—वर्तमान संवत्में जन्म संवत् हीन करे तो गताब्द संज्ञा होगी गताब्दोंको भुवि १ ख० अभ्र० चंद्र १ अर्थात् १०० से गुणा किया नभ० व्योम० गज ८ अर्थात् ८०० का भाग देय ३ इसमें स्थापना करे जो फल प्राप्त होय सो वार इष्ट होगा इसमें जन्मका वार इष्ट जोड देय और ऊर्ध्वांकमें ७ का भाग देय तो वर्षका वार इष्ट सिद्ध होगा. उदारण—वर्तमान संवत् १९३६ जन्म संवत् १९३४ इन्होंका अंतर २ इसको १०० से गुणा तो २०१४ हुए और इसमें ८०० का भाग दिया तो २ प्राप्त हुए और शेष ४१४ रहे इनको ६० से गुणा तो २४८४० हुए फिर इनमें

८०० का भाग दिया तो ३१ मिले और शेष ४० रहे इनको ६० से गुणा तो २४०० हुए तो इनमें ८०० का भाग दिया तो ३ मिले इस कारण ०२ वार ३१ घटी ०३ पल सिद्ध हुए इनमें जन्मवारादि ६।४५।०५ जोडे ०९।१६।८ ऊर्ध्वांक ९ में ७ के भागसे शेषांक ०२ १६।०५ यह वर्षका इष्ट हुआ ॥

अथ तिथि बनानेका क्रम ।

यातान्दवृन्दोगुणवेदरामे २४३ र्निघ्नःकुरामै ३१ र्विहृतोदिनाद्यम् ॥
घस्रे सहोत्थैःसहितंखरामै ३० र्भक्तंचशेषातिथिरत्रवर्षे ॥

टीका—गत वर्षोंको २४३ से गुणा करे पुनः ३१ का भाग देय जो अंक प्राप्त होय सो तिथि जाने इसमें जन्मकी तिथि युक्त करे फिर ३० से जो शेष रहे सो वर्षकी तिथि होगी परंतु तिथिमें १ ऊनाधिक कहीं हो जाती है ॥

अथ नक्षत्र लानेका क्रम ।

व्योमेन्दुभिः १० संगुणितागतान्दाःखशून्यवेदाश्वि२४०लवैर्विहीनाः ॥ जन्मर्क्षयोगैः सहिताप्रवस्था नक्षत्रयोगो भवतोभ२७तष्टो ॥

टीका—गत वर्षोंको १० गुणा कर फिर दो जगह रखे और एक जगह २४ का भाग देय जो फल प्राप्ति हो वह दूसरेमें घटा दे और जन्मर्क्ष या योग जोड देय और उस नक्षत्रमें २७ का भाग देनेसे शेष नक्षत्र होगा ॥

अथ ग्रहचालनकथनम् ।

स्वेष्टकालोयदाग्रेस्यात्पंक्तौचशोधयेद्धनम् ॥
पंक्तीश्चेवयदाग्रेस्यादिष्टंचशोधयेदृणम् ॥

टीका—इष्टकाल पंचांगस्थ पंक्तिसे आगे हो तो पंक्तिमें काल शोधन करना तो चालन धन होता है और जो पंक्ति इष्टकालसे आगे होय तो इष्टमें पंक्तिशोधन करना तो चालना ऋण होता है ॥

अथ ग्रहस्पर्ष्टीकरणम् ।

गतैष्यदिवसाद्येन गतिर्निघ्नीखषड्हृता ॥
लब्धमंशादिकंशोध्यं योज्यंस्पष्टोभवेद्ग्रहः ॥

टीका—गत दिनसे वा आगत दिनसे सूर्यादि ग्रहोंकी गतिको गुणा देना और ६० से भाग देना लब्धि अंशादि आवे सो गत दिनका हो तौ ग्रहमें कम करना और आगत दिनका हो तौ युक्त करना इससे ग्रह स्पष्ट होता है ॥

अथ भयातभभोग बनानेकी रीति ।

गतर्क्षनाड्यः खरसेषुशुद्धाः सूर्योदयादिष्टघटीषुयुक्ताः ॥
भमुक्तमेतच्चनिजर्क्षनाडिकाःशुद्धाःसयुक्ताश्चभभोगसंज्ञकाः ॥

टीका—गत नक्षत्रकी घडीको ६० में शुद्ध करना ओर वर्षमें सूर्योदयसे जो इष्ट घटी होय सो युक्त करना तो भयात होता है ६० में शुद्ध किया जो नक्षत्र उसमें वर्तमान नक्षत्रकी घटी युक्त करना तौ भभोग होता है ॥

अथ चंद्रस्पष्टक्रममाह ।

खषड्घ्नंभयातंभभोगोद्धृतंतत्खतर्कघ्नधिष्ण्येषुयुक्तंद्विनिघ्नम् ॥
नवाप्तंशशीभागपूर्वस्तुभुक्तिः खखाभ्राष्टवेदाभभोगेनभुक्ताः ॥

टीका—बीते हुये नक्षत्रका पिंड बांधके ६० से गुणे और भभोगका पिंड बांधके तीन वार भाग देय गत नक्षत्रको ६० से गुणे और जो भभोगके भागसे प्राप्त हुआ जो भयात है उसे इसमें जोड देय फिर इसे दुगुणा करे और ९ का भाग देय तीन वार तौ चन्द्रमा अंशपूर्वक होता है और अंशोंमें ३० का भागमें समीकरे और ४८००७ से गुणे और भभोगका भाग देय दो वार तौ चन्द्रमाकी भुक्ति स्पष्ट हो जायगी ॥

अथ लग्नसाधनम् ।

समागणश्चन्द्रकृशानुनिघ्नः खचन्द्रभक्तोजनिलग्नयुक्तः ॥
तष्टोदिनेशैःकिलवर्षलग्नं सामान्यतोमान्यतरैर्निरुक्तम् ॥

टीका—गताब्दको ३१ से गुण देना १० से भाग लेना उसमें जन्मलग्न युक्त करना १२ से उसे तष्टित करना जो शेष बचे तौ सामान्य रीतिसे वर्षलग्न जानना चाहिये ॥

अथ मुन्था ।

सेकागताब्दाविरताःपतंगैस्तच्छेषभावे मुथहाजनुर्भात् ॥

टीका–गताब्दमें १ युक्त करना १२ से भाग देना जो शेष रहे सो जन्मलग्नसे मुंथाका स्थान जानना चाहिये ॥

अथ पञ्चाधिकारी ।

मुन्थेशो वर्षलग्नेशस्त्रैराशिकनायकः॥ दिवार्कराशिनाथश्च रात्रौचन्द्रर्क्षनायकः ॥ जन्मलग्नेश्वरश्चैव वर्षपञ्चाधिकारिणः॥

टीका–वर्षमें पञ्चाधिकारी बनानेका क्रम । मुंथेश १ वर्षलग्नेश २ त्रिराशीश ३ दिनमें वर्ष प्रवेश होय तो सूर्यके राशिका स्वामी रात्रिमें वर्ष प्रवेश होय तो चन्द्रके राशिका स्वामी ४ जन्मलग्नेश्वर ५ वर्षमें यह पञ्चाधिकारी शुभाशुभ फलके लिये ग्रह अधिकार देखना । जिसके दो तीन अधिकार आवें सो बलवान् जानना चाहिये ॥

त्रिराशिपाःसूर्यसितार्कशुक्रा दिनेनिशीज्येन्दुबुधक्षमाजाः ॥ मेषाच्चतुर्णांहरिभाद्विलोमं नित्यंपरेष्वार्किकुजेज्यचन्द्राः ॥

टीका–त्रिराशिपति होते सूर्य शुक्र और शनि शुक्र दिनमें मेषसे आदि लेकर कर्क राशितक चक्रसे प्रतीत होय ॥

राशयः	१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२
दिवास्वामी	सू.	शु.	श.	शु.	शु.	बु.	श.	शु.	सू.	सू.	श.	शु.
रात्रिस्वामी	बृ.	चं	बु.	चं.	बृ.	चं.	बु.	मं.	बु.	चं.	बु.	मं.
हद्दास्वामी	श.	मं.	बृ.	मं.	श.	चं.	बृ.	मं.	श.	मं.	बृ.	मं.

दृष्टिक्रममाह ।

पादंत्रिरुद्रे १५ सदलंस्वतुर्ये ३० पादत्रयंस्यान्नवपञ्चमेपि ४५ ॥ पश्यन्तिपूर्णं समसप्तके च ग्रहानचान्यत्रविलोकयन्ति ॥

स्पष्टार्थचक्रं विलोकयन्ति ।

१ ११	४ १०	०५ ९	०४ ७	भाव
१५	३०	४५	६०	कालदृष्टि

लग्नस्थमुन्थाप्रकरोतिसौख्यं नृपप्रसादं विजयं रिपूणाम् ॥ हर्षोदयं बाहुबलप्रतापं वृद्धिविलासं घनलाभमुग्रम् ॥ मुन्थाधनस्थानगेलाभमुग्रं करोतिमिष्टान्नसमागमं च ॥ सर्वार्थसिद्धिंनिजबाहुवीर्यात्सुखोदयंमित्रसुतादयंच ॥ लोकाजयंनिजजनाच्चसहोत्थसौख्यं देहार्त्तिकीर्तिशुभकार्यसमृद्धदात्री ॥ सत्सङ्गतिश्चसबलातनुतेहमैत्री मुन्थाच प्राक्रमगतानृपतिप्रसादम् ॥ वित्तक्षयंरिपुजनादशयस्यवृद्धिं वैरोदयंस्वजनराजकुलेषुकुर्यात् ॥ गुप्तार्तिकृद्ददरुजस्याविवर्तिंदात्री तुर्येन्थिहाविविधरोगभयानिपुंसाम् ॥ प्रतापमाहात्म्यसुरार्चनंच सुबुद्धिवृद्धिर्यशसःप्रवृद्धिः ॥ वित्तप्रलाभो जगताप्रसादः पुत्राप्तिसौख्यं सुथनेन्थिहायाम् ॥ नृपाद्भयं चोरभयं कृशत्वं निरुद्यमत्वं रिपुजंभयंच ॥ कार्यार्थहानिः कुमतीष्टवैरं षष्ठेंथिहादुष्टरुजंविदध्यात् ॥ सौख्यार्थनाशोवनितादिकष्टं चिंतामनोमोहनमल्परोगम् ॥ क्लेशोदये स्वेष्टजनेषुवैरं यशोविनाशो मुथगेंथिहायाम् ॥ दुष्टभयार्तिं धनधान्यनाशो विपक्षभीतिर्व्यसनानिमोहाः ॥ कान्तेविनाशं स्वजनेषुपीडा नृपाद्भयंचाष्टमगेंथिहायाम् ॥ धर्मार्थलाभं स्वजनेषुमैत्री नृपोत्तमेः प्रीतियशःप्रवृद्धिः ॥ प्रमोदभाग्योदयकार्यसिद्धिं पुण्योपगेन्था प्रकरोतिसौख्यम् ॥ मनोरथार्तिं स्वजनेषुसौख्यं निजेष्टमन्त्री स्वजनोपकारकः ॥ भूपात्प्रसादो दशमेंथिहायां पुण्योदयः स्याद्विपुलंयशश्च ॥ सुखार्थलाभं शुभबुद्धिवृद्धिर्मनोरथार्तिं नृपतिप्रसादम् ॥ निजेष्टसौख्यं मनसां प्रहर्षं करोतिमुन्था भवगेवशित्वम् ॥ निरुद्यमत्वं निजमित्र-

कष्टं दुष्टातिरुक्नृपतेर्भयंच ॥ धर्मार्थनाशो रिपुचौरभीतिः
स्वाभीष्टपीडा व्ययगोंथिहायाम् ॥

अथ त्रिपताकी चक्रका प्रकार ।

रेखात्रयं तिर्यगधोर्ध्वसंस्थमन्योन्यविद्धाग्रकमीशकोणात् ॥
स्मृतंबुधैस्तत्त्रिपताकचक्रं प्राङ्मध्यरेखा ग्रहवर्षलग्नात् ॥

टीका–रेखा ३ टेढी ३ सीधी करे और परस्पर ईशान कोणसे रेखाका वेध करे इसको पंडितजन त्रिपताकी चक्र कहते हैं इसमें पूर्वके मध्य रेखापर वर्षलग्नका न्यास करना ॥

तत्र ग्रहन्यासमाह ।

न्यसेद्ग्रचक्रं च विलग्नकार्यां
ताराब्दसंख्या विभजेन्नभोगैः॥
शेषोन्मिते जन्मगचारराशेस्तु-
ल्येचराशौ विलिखेच्छशाङ्कं ॥
परे चतुर्भाजितशेषतुल्ये स्थाने
स्वरांशेखचरास्तुलेख्याः॥

२ १ १२ ३ ११ ४ १० ५ ९ ६ ७ ८

टीका–त्रिपताकी चक्रपर १२ राशि न्यास करना और ग्रहन्यासका प्रकार गतवर्षमें १ युक्त करना ८ से लाभ लेना जो शेष रहे सो जन्मकालमें चन्द्र राशिसे शेष स्थानमें चंद्रमा लिखना और ग्रहको ४ से भाग देकर जो शेष बचे उसे वहां अपने स्थानसे लिखना और राहु, केतु अपने स्थानसे लिखना तो त्रिपताकी चक्र स्पष्ट होता है ॥

वेधविचार ।

स्वर्भानुविद्धे हिमगौत्वरिष्टं तापोर्कविद्धे रुगिनोर्ध्वविद्धे ॥
महीजाविद्धेतु शरीरपीडा शुभैश्चविद्धे जयसौख्यलाभाः ॥
शुभाशुभव्योमगवेधयोगेफलंतुवेधस्य वदेत्सुधीमान् ॥

टीका—त्रिपताकी चक्रमें वेध देखनेका प्रकार सर्व ग्रहोंका वेध चंद्रमासे देखना और राहुसे चंद्रसे वेध होय तो अरिष्ट जानना, सूर्यसे वेध होय तो ताप जानना, शनिसे वेध होय तो रोग जानना, मंगलसे वेध होय तो शरीरकी पीडा जानना और शुभ ग्रहसे वेध होय तो जयप्राप्ति सौख्यलाभ और शुभग्रहका वीर्य देखकर वेधमें फल कहना ॥

मुद्दादशा ।

जन्मर्क्षसंख्या सहितागताब्दा द्व्यूनितानन्दहृतावशेषात् ॥
आजंकुराजीशबुकेशुपूर्वं भवन्तिमुद्दादशिकाक्रमोयम् ॥

टीका—जन्मनक्षत्रकी जो संख्या उसमें गताब्दकी संख्या मिलाना और दोनोंकी जो संख्या होय उसमेंसे दो दो कमती करना और ९ से भाग देना जो अंक शेष रहे सो दशा जानना १ शेष रहे तो सूर्यकी दशा, २ शेष रहें तो चंद्रमाकी दशा, ३ शेष रहें तो मंगलकी दशा, ४ शेष रहें तो राहुकी दशा, ५ शेष रहे तो गुरुकी दशा, ६ शेष रहें तो शनिकी दशा, ७ शेष रहें तो बुधकी दशा, ८ शेष रहें तो केतुकी दशा, ० शेष रहें तो शुक्रकी दशा जानना. यह दशाका क्रम ज्योतिषशास्त्रके आचार्योंने कहा है ॥

मुद्दादशाचक्रम् ।

सू.	चं	मं.	रा.	बृ.	श.	बु.	के.	शु.	ग्रहाः
०	१	०	१	१	१	१	०	०	मास
१८	०	२१	२४	१८	२७	२१	२१	०	दिन

मास बनानेका क्रम ।

मासार्कस्यतदासन्नपंक्त्यर्केणसहान्तरम् ॥ कलीकृत्यार्कगत्याप्तदिनाद्येनयुतोनितम् ॥ तत्पंक्तिस्थंयातपूर्वं मासार्केधिकहीनके ॥ तद्वाराद्यमासवेशोद्युप्रवेशः कलासमः ॥

टीका—वर्षसूर्य मासको जो सूर्य सो वर्षके सूर्यसे अंशोंमें निकट हीन वा अधिक होय तो उसका अंतर करे राशि छोड फिर उसका पिंड बांधकर सूर्य पंक्तिके गतिका पिंड बांधके तीन दफे भाग दे तो उससे वार आदि भाग होंयगे. फिर जिस पंक्तिके सूर्यका अंतर किया है उसे उसी मिश्रमानमें घटा दे अथवा जोड दे, जो सूर्य वर्षकी पंक्तिके सूर्यसे अधिक होय तो जोड दे और हीन होय तो घटा देय तब मास वारादि स्पष्ट होगा ॥

अथ ग्रहचक्रप्रकरण ।

सूर्य ॥ ऋक्षसंक्रमणंयत्र द्वेवक्त्रेविनियोजयेत् ॥ चत्वारिदक्षिणे बाहौ त्रीणित्रीणिचपादयोः ॥ चत्वारिवामबाहौच हृदयेपञ्च निर्दिशेत् ॥ अक्ष्णोर्द्वयंद्वयंयोन्यं मूर्ध्निचैकैककंगुदे ॥ फल ॥ रोगोलाभस्तथाध्वाच बन्धनंलाभएवच ॥ ऐश्वर्यराजपूजाच अपमृत्युरितिक्रमात् ॥ चंद्र ॥ चन्द्रचक्रंप्रवक्ष्यामि नराकारं सुशोभनम् ॥ शीर्षेषट्कंमुखेत्वेकं त्रीणिदक्षिणहस्तके ॥ हृदि षट्कंप्रदातव्यं वामहस्ते त्रयंतथा ॥ कुक्ष्यो षट्कंचदातव्यं पादे-कैकं विनिर्दिशेत् ॥ फल ॥ शीर्षेलाभकरंज्ञेयं मुखेतु द्रव्य-हारकम् ॥ हानिदंदक्षिणेहस्ते हृदयेच सुखावहम् ॥ वाम-हस्तेतुरोगाश्च कुक्ष्योः शोकस्तथैवच ॥ पादयोर्हानिरोगौच जन्माधिष्ण्यादिचन्द्रभम् ॥ भौम ॥ भौमचक्रं प्रवक्ष्यामि जन्माधिष्ण्यादिभौमभम् ॥ शीर्षे षट्कं मुखेत्रीणि त्रीणि वेद-क्षिणेकरे ॥ पादयोः षट्कप्रदातव्यं वामहस्ते त्रयं तथा ॥ गुह्ये चैकं नेत्रयोर्द्वे हृदये त्रयमेवच ॥ फल ॥ विजयश्चैव रोगश्च लक्ष्मीः पन्थाभयंतथा ॥ मृत्युर्लाभः सुखंचापि फलं ज्ञेयं विचक्षणैः ॥

सूर्य.			चंद्र.			मंगल.		
सूर्य संक्रांति जिस नक्षत्रमें होय उससे जन्मनक्षत्र पर्यंत गिननेसे जितने नक्षत्र आवें उसका फल ॥			जन्म नक्षत्रसे जिस नक्षत्रमें चंद्र होय तिस पर्यंत गिने जितने नक्षत्र आवें उसका फल जानिये ॥			जन्मनक्षत्रसे जिस नक्षत्रमें मंगल होय तिनके गिननेसे जितने नक्षत्र आवें उसका फल ॥		
स्थान	नक्ष	फल	स्थान	नक्ष	फल	स्थान	नक्ष	फल
मुखमें	३	रोगप्राप्ति	मस्तकमें	६	लाभ	शिरपर	६	विजय
दाहिनेहा.	४	लाभ	मुखमें	१	द्रव्यहरण	मुखमें	३	रोगप्राप्ति
पायोंमें	६	मार्गचलन	दाहिनेहा	३	हानिकार	दायाहाथ	३	लक्ष्मीप्रा.
बाईबाहु	४	बंधन	हृदयमें	६	सुखप्राप्ति	पायोंमें	६	मार्गचल.
हृदयमें	५	लाभ	बायेंहा.	३	रोगप्राप्ति	बायांहाथ	३	भय
नेत्रोंमें	४	लक्ष्मीप्रा.	कुक्षिमें	६	शोक	गुदामें	१	मृत्यु
मस्तकमें	१	राजसेपू.	दाहिनेपा	१	हानि	नेत्रोंमें	२	मृत्यु
गुदामें	१	अपमृत्यु	बायांपा.	१	रोगप्राप्ति	हृदयमें	३	सुख

बुध ॥ बुधचक्रं प्रवक्ष्यामि जन्मऋक्षादि सौम्यम् ॥ शिरसि त्रीणिराज्यंस्याद्वक्रैकंधनधान्यदम् ॥ नेत्रेद्वेप्रीतिलाभौचनाभौ श्रीपञ्चकंतथा॥पादयोःषट्प्रवासश्चवामेवेदा धनंतथा॥चत्वारि दक्षिणेहस्ते धनलाभस्तथैवच ॥गुह्यस्थानेभद्वयंचबन्धनंमरणं फलम् ॥गुरु॥ गुरुचक्रंप्रवक्ष्यामिगुरुभाज्जन्मऋक्षकम्॥द्वाच्छिरसिचत्वारि चत्वारि दक्षिणेकरे॥ एकंकण्ठे मुखेपञ्च पादयोःषट्प्रदापयेत्॥करेवामेच चत्वारित्रीणि दद्याच्चनेत्रयोः ॥ ॥ फल॥ राज्यंलक्ष्मीधनप्राप्तिः पीडामृत्युस्तथैवच ॥ सुखं चैव क्रमेणैवं फलंज्ञेयं विचक्षणैः ॥शुक्र॥ शुक्रचक्रं प्रवक्ष्यामि शुक्रधिष्ण्यात्तुजन्मभम् ॥ मुखेत्रीणि महालाभः शीर्षे पञ्च शुभावहः ॥ त्रिकंतु दक्षिणेपादे क्लेशहानिकरं सदा ॥ तथैव

वामपादेच त्रीणिभानितुयोजयेत् ॥ हृदयेद्वे धनंसौख्यंभाष्टकं हस्तयोर्द्वयोः ॥ मित्रसौख्यं धनप्राप्तिर्गुह्येत्रीणि तथैवच ॥ स्त्री-लाभश्चफलंप्रोक्तं भृगुपुत्रस्यसूरिभिः ॥

बुध.			गुरु			शुक्र.		
जन्मनक्षत्रसे बुध जिस नक्षत्रमें होय तिस पर्यंत गिने जिस स्थान बुध पडे उसका फल जानिये ॥			जिस नक्षत्रमें गुरु होय उससे जन्मनक्षत्रतक गिने जिस स्थानमें पडा होय उसका फल जानिये ॥			जिस नक्षत्रमें शुक्र होय उससे जन्मनक्षत्रतक गिने जिस स्थानमें पडा होय उस स्थानका फलजानिये		
स्थान	नक्ष	फल	स्थान	नक्ष	फल	स्थान	नक्ष	फल
मस्तक	३	राज्यप्राप्त	मस्तक	४	राज्यप्राप्त	मुखमें	३	उत्तमफ.
मुखमें	१	धन	दाहिनेहा.	४	लक्ष्मीप्राप्त	मस्तकमें	५	शुभ
नेत्रोंमें	२	प्रीतिलाभ	कंठमें	१	धनलाभ	दाहिनेपा.	३	क्लेशहानि
नाभिमें	५	लक्ष्मी	मुखमें	५	पीडा	बायेंपादमें	२	क्लेशहानि
पायोंमें	६	प्रवास	पायोंमें	६	मृत्यु	हृदयमें	२	धनसौख्य
बायेंहाथ	४	धनलाभ	बायेंहाथ	४	सुखप्राप्ति	हाथोंमें	८	मित्रसुख
दाहिनेहा	४	धनलाभ	नेत्रोंमें	३	सुखप्राप्ति	गुह्यमें	३	स्त्रीलाभ
गुदामें	२	बंध व मर	०	०	०	०	०	०

शनि ॥ सौरिचक्रं प्रवक्ष्यामि सौरिभाज्जन्मऋक्षभम् ॥ मूर्ध्न्यें-कंच तथावक्रे करेचत्वारि दक्षिणे ॥ विन्यसेत्पादयुग्मे षट् वामबाहौ चतुष्टयम् ॥ हृदये पञ्चऋक्षाणि क्रमाच्चत्वारि नेत्रयोः ॥ हस्तेद्वयं गुदे चैकं मन्दस्य पुरुषाकृतेः ॥फल॥ मूर्द्धे-वक्रस्थभेरोगो लाभो वै दक्षिणेकरे स्यादध्वा चरणद्वन्द्वे बन्धौ वामकरे नृणाम्॥ हृदये पञ्चलाभोवै नेत्रप्रीतिरुदाहृता ॥ पूजा मस्ते परानूनं गुदेमृत्युं विनिर्दिशेत् ॥ राहु ॥ राहुचक्रं प्रवक्ष्यामि जन्मभाद्राहुऋक्षभम् ॥ मूर्ध्नित्रीणि तथाप्रोक्तं करे च

त्वारि दक्षिणे ॥ पादयोः षट्चऋक्षाणिवामहस्ते चतुष्टयम् ॥ हृदयेत्रीणि कण्ठेकं मुखे द्वौ नेत्रयोर्द्वयम् ॥ गुह्योद्वयं क्रमेणैव राहुचक्रं स्वभावतः ॥ फल ॥ राज्यं रिपुक्षयः पन्था मृत्युर्लाभोऽथरोगकः ॥ जयःसौख्यं तथा कष्टं क्रमाज्ज्ञेयंफलं बुधैः ॥ केतु ॥ केतुचक्रं प्रवक्ष्यामि जन्मभात्केतुऋक्षभम् ॥ मूर्ध्निपञ्च जयश्चैव मुखेपञ्च महद्भयम् ॥ हस्तयोर्भानिचत्वारि विजयश्च जयस्तथा ॥ पादयोःषट्चसौख्यंस्याद्धृदि द्वे शोककारके ॥ कण्ठेचत्वारिचव्याधिगुह्यैकंच महद्भयम् ॥

शनि.			राहु.			केतु.		
शनि जिस नक्षत्रमें हो उससे जन्मनक्षत्रपर्यंत गिने जिस स्थलमें नक्षत्र पडा होय उसका फल जानिये			जन्मनक्षत्रसे राहुनक्षत्र पर्यंत गिने जहां नक्षत्र पडा होय उसका फल जानिये ॥			जन्मनक्षत्रसे केतु जिस नक्षत्रमें होय उसतक गिने जितने नक्षत्र पडें उनका फल जानिये ॥		
स्थान	न०	फल	स्थान	न०	फल	स्थान	न०	फल
मस्तक	१	रोग	मस्तक	३	राज्यप्राप्त	मस्तक	५	जय
मुख	१	रोग	दायांहा.	४	रिपुक्षय	मुखमें	५	बडाभय
दक्षिणहा.	४	लाभ	पायोंमें	६	मार्गचलन	हाथोंमें	४	विजय
पायोंमें	६	मार्गचलन	बायेंहाथ	४	मृत्यु	पायोंपर	६	सुख
बायांहाथ	४	बंधन	हृदयमें	३	लाभ	हृदयमें	२	शोक
हृदयमें	५	लाभ	कंठमें	१	रोग	कंठमें	४	व्याधि
नेत्रोंमें	४	प्रीतिला.	मुखमें	२	जय	गुह्यपर	१	बडाभय
मस्तकमें	१	पूजा	नेत्रोंमें	२	सौख्य	०	०	०
गुदामें	१	मृत्यु.	गुदामें	२	कष्ट	०	०	०

जन्मनक्षत्र कहां पडा है तिसका ज्ञान।

शीर्षेत्रीणि मुखेत्रयं चरविभादेकैकभं स्कन्धयोरेकैकं भुजयोस्तथा करतले धिष्ण्यानि पञ्चोदरे ॥ नाभौ गुह्यतलेच

जानुयुगले चैकैकवृक्षं क्षिपेज्जन्तोःकेचिदितिब्रुवन्तिगणकाः शेषाणिपादद्वये ॥ अल्पायुश्चरणस्थितेचगमनं देशान्तरंजानुभे गुह्येस्यात्परदारलम्भनमथो नाभौच सौख्यप्रदम् ॥ ऐश्वर्यंहृदि चौर्यमस्य करयोर्बाह्वोर्बलं वैमुखे मिष्टान्नं चलभेच्च मानवगणो राज्यंस्थिरंमूर्द्धनि ॥

टीका—केवल मनुष्यचक्र सूर्यनक्षत्रसे जन्मनक्षत्रतक देखनेका क्रम प्रथम ३ नक्षत्र मस्तकपर फल राज्यप्राप्ति, मुखपर ३ नक्षत्र फल मिष्टान्नभोजन, स्कंधपर २ नक्षत्र फल बलवान्, भुजापर २ नक्षत्र फल बल, हाथके तलुवेपर २ नक्षत्र फल चोर, हृदयपर ५ नक्षत्र फल ऐश्वर्य, नाभिपर १ नक्षत्र फल सुख, गुह्यपर १ नक्षत्र फल स्त्रीसे लंपट, जानुपर २ नक्षत्र फल देशवास, पादपर ६ नक्षत्र फल थोडा आयुष्य, ऐसा जन्मनक्षत्रसे स्थान विचार करना ॥

लग्नशुद्धिपंचक देखना ।

गततिथियुतलग्नं नन्दहृच्छेषकंच वसुयमयुगषट्के क्षोणिसंख्याक्रमेण ॥ रुगनलनृपचौरं मृत्युदंपञ्चकंस्याद्व्रतगृहनृपमार्गोद्वाहके वर्जनीयम् ॥

टीका—गततिथिको लेकर उसमें लग्न मिलावे और नवका भाग दे शेष बचे तिसका फल जानिये । ८ बचें तो रोगपंचक यह यज्ञोपवीतमें वर्जित, २ बचें तो अग्निपंचक यह गृहारंभमें वर्जित, ४ बचें तो राजपंचक और ६ बचें तो चौरपंचक ये दोनों पंचक गमन लग्नमें वर्जित हैं, १ बचे तो मृत्यु पंचक यह विवाहमें वर्जित है, इनसे अधिक जो शेषांक बचें तो निष्पंचक जाने ये सर्व कार्यमें उक्त हैं ॥

वारोंमें पंचकवर्जित ।

रवौरोगं कुजेवह्निः सोमेतुनृपपञ्चकम् ॥
बुधे चौरं शनौमृत्युः पञ्चकानि तु वर्जयेत् ॥

टीका-रविवारमें रोगपंचक, मंगलमें अग्निपंचक, सोमवारमें राजपंचक, बुधवारको चौरपंचक, शनिवारको मृत्युपंचक ऐसे ये पचक इन वारोंमें वर्जित जानिये ॥

दिनमान रात्रिमान ।

आयनादिकवासररामहता गगनानलबाणशशाङ्कयुताः ॥
परिभाजितशून्यरसैर्घटिका कर्कादिनिशामकरादिदिनम् ॥

टीका-अयन कहिये कर्क संक्रांतिसे मकर संक्रांतितक ६ महीने तैसेही मकरसे कर्कतक ६ महीने जिस दिवसका दिनमान जानना होय तिस पर्यंत कर्क संक्रांतिसे दिन गिनके उसको ३ से गुणा करे जो अक आवें उनमें १५३० मिलावे और ६० का भाग दे जो बचे वह रात्रिमान और जो मकर संक्रान्तिसे गणना करे तो दिनमान आवे यह जानिये ॥

दिन कितना चढा है यह जाननेकी रीति ।

पादप्रभा नगयुता रहिताचमेषात् षड्स्विन्दुनात्रियुगबाण शराब्धिरामैः ॥ स्याद्भाजको दिनदलस्य नगाहतस्य पूर्वं गताः स्युरपरे दिनशेषनाड्यः ॥

टीका-अपनी छायाको पाँवसे मापे जितने पाँव आवें उनमें ७ मिलावे और मेषसंक्रांतिसे कन्या संक्रांति पर्यंत इन्दु कहिये एक इसमें घटावे तिसके आगे तुलासे मीनपर्यंत जो संक्रांति होय उसका क्षेपक तो घटा देवे ऐसे तुला ३ वृश्चिक ४ धन ५ मकर ५ कुंभ ४ मीन ३ इस प्रमाणसे अंक घटावे जुदे लिखे तिस पीछे दिनदल कहिये १५ इसको ७ से गुणा किया तो हुए १०५ इनमें पीछे लिखे हुए अंकको भाग दे जो भागांक आवें वे घटी जानिये परंतु दिनके पूर्वार्द्धमें दिवसकी घडी आवें और उत्तरार्द्धमें दिन शेष आवे यह जानिये ॥

रात्रि कितनी गई यह जाननेकी रीति ।

सूर्यभान्मध्यनक्षत्रं सप्तसंख्याविशोधितम् ॥
विंशतिघ्नंनवहृतं गतारात्रिः स्फुटाभवेत् ॥

टीका–रात्रिमें जो नक्षत्र होंय तिस पर्यन्त सूर्यनक्षत्रसे गिनके ७ घटा दे शेष रहे उसको २० से गुणा करे और ८ का भाग दे जो अंक शेष रहें उतनीही गत रात्रि कहिये ॥

अंतरंगबाहिरंगनक्षत्र ।

सूर्यभादुडुगणंपुनः पुनर्गण्यतामितिचतुष्टयंत्रयम् ॥
अन्तरंगबहिरंगसंज्ञकं तत्रकर्मविदधीततादृशम् ॥

टीका–सूर्यनक्षत्रसे चार नक्षत्र फिर तीन नक्षत्र इस प्रकार वर्त्तमान नक्षत्रतक वारंवार गिने तो वे क्रमसे अंतरंग बहिरंग संज्ञक होते हैं इनमें लाना और पठवाना आदि कर्म करे ॥

सूतिकास्नान ।

करेन्द्रभाग्यानिलवासवान्त्ये मैत्रेन्दवाश्विध्रुवमेऽह्निपुंसाम् ॥
तिथावरिक्तेशुभमामनन्ति प्रसूतिकास्नानविधिंमुनीन्द्राः ॥
इति श्रीशुकदेवविरचिते ज्योतिषसारे संवत्सरादिप्रकरणं समाप्तम् ।

टीका–हस्त ज्येष्ठा पूर्वाफाल्गुनी स्वाती धनिष्ठा रेवती अनुराधा मृग अश्विनी और ध्रुव नक्षत्र इनमेंसे कोई नक्षत्र जिस दिन होय उस दिन सूतिकास्नान शुभ कहा है रिक्तातिथि वर्जित है यह मुनींद्रोंने कहा है ॥

इति पंडितकेशवप्रसादविरचितज्योतिषसारभाषा समाप्ता ।

पुस्तक मिलनेका ठिकाना–

गंगाविष्णु श्रीकृष्णदास,
"लक्ष्मीवेंकटेश्वर" ष्टीम् प्रेस,
कल्याण–मुंबई.

खेमराज श्रीकृष्णदास,
"श्रीवेङ्कटेश्वर" ष्टीम् प्रेस,
खेतवाडी–मुंबई.